


पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 026 epaper.rashtriyakhabar.com माघ, कृष्णपक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2080 web: www.rashtriyakhabar.com

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**छुट्टी की सूचना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खबर हमारी नजर का कार्यालय 26 जनवरी को बंद रहेगा। सुधी पाठकों को अगला अंक 28 जनवरी को उपलब्ध होगा।

संपादक

## विदुर नीति

न सा सभा यत्र संति वृद्धा, न ते वृद्धा ये न वदंति धर्मम्।
नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति, न तत्सत्यं यच्छलेनाभ्युपेतम्॥

भावार्थ : वह सभा सभा कहलाने के योग्य नहीं जिसमें वृद्ध न हों। वह वृद्ध वृद्ध नहीं कहा जा सकता जो धर्म न बताए। वह धर्म धर्म नहीं होता जिसमें सत्य न हो, वह सत्य सत्य नहीं कहा जा सकता जिसमें कपट हो।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 22.00 °c | 8.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .30 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .31 बजे

## बिहार में बदल सकती है सरकार



**पटना:** ऐसा प्रतीत होता है कि इंडिया गुट सुलझने की कगार पर है क्योंकि तीसरे प्रमुख नेता, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, के बाहर निकलने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि संभावना है कि श्री कुमार आखिरी मिनट में यू-टर्न लेते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ साझेदारी करेंगे। पिछले दो दिनों में, दो प्रमुख नेताओं - ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल - ने इंडिया ब्लॉक से नाता तोड़ लिया है, कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार कर दिया है और कहा है कि वे बंगाल और पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेंगे। श्री कुमार - जो, सूत्रों ने कहा, बेतिया में 4 फरवरी की रैली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच भी साझा कर सकते हैं - ने अपने सभी विधायकों को पटना बुलाया है। सूत्रों ने कहा कि वह पहले इस्तीफा देंगे और फिर भाजपा, जीतन राम मांझी और अन्य की मदद से दावा पेश करेंगे। नई कैबिनेट के गठन के बाद वह मौजूदा सदन को भंग करने की सिफारिश करेंगे और नया जनादेश मांगेंगे। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 122 है। राजद के पास 79 सीटें हैं। श्री कुमार भाजपा की 82 और अपनी जनता दल यूनाइटेड की 45 सीटों के साथ सरकार बना सकते हैं। लालू यादव की राष्ट्रीय जनता दल के पास 79 सीटें हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उद्घाटन** › उत्तर प्रदेश के बुलंद शहर से चुनावी अभियान का संकेत दिया पीएम ने

# कई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया मोदी ने



- राम मंदिर की भी चर्चा की
- 19 हजार करोड़ की परियोजनाएं
- पहले सत्ता ने देश को कमजोर किया

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरप्रदेश से बुलंद शहर से भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की लगभग शुरूआत कर दी। यहां की अनेक परियोजनाओं को प्रारंभ करने के मौके पर उन्होंने अपनी बातों से इसका साफ संकेत दे दिया। वैसे इस मौके पर उत्तपर प्रदेश की गवर्नर आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप-मुख्य मंत्री बृजेश पाठक , केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जैसे लोग मौजूद थे।

श्री मोदी ने कहा, 22 तारीख कअयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए और अब यहां जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है। आज पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट भी मिले हैं। ये प्रोजेक्ट्स रेल लाइन, हाईवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक शहर से जुड़े हुए हैं। आज यमुना और राम गंगा की स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट्स का भी लोकार्पण हुआ है। मैं बुलंदशहर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी मेरे परिवारजनों को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस क्षेत्र ने तो देश को कल्याण सिंह जी जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज, दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां हैं, अयोध्या धाम को देखकर बहुत आनंदित हो रहे होंगे। ये हमारा सौभाग्य है कि देश ने कल्याण सिंह जी और उनके जैसे अनेकों लोगों का सपना पूरा किया है। लेकिन अभी भी सशक्त राष्ट्र के निर्माण का, सच्चे सामाजिक न्याय का उनका स्वप्न पूरा करने के लिए हमें अपनी गति और बढ़ानी है, और जिसके लिए हमें मिलकर काम करना है।

›› पेज 2 भी देखें

## जगदीश शेट्टार की भाजपा में वापसी



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार गुरुवार को फिर से भाजपा में शामिल हो गए, एक साल से भी कम समय बाद उन्होंने खराब व्यवहार का दावा करते हुए पार्टी छोड़ दी और कांग्रेस में शामिल हो गए। यह बदलाव 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले हुआ था, जिसमें श्री शेट्टार ने चुनाव लड़ा था और भाजपा से हार गए थे।

छह बार के विधायक की वापसी - गृह मंत्री

›› पेज 2 भी देखें





## जंतर मंतर पर मैक्रोन से मिले पीएम मोदी

राष्ट्रीय खबर

**जयपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने 25 जनवरी को अपने रोड शो से पहले यहां जंतर-मंतर पर मुलाकात की। श्री मोदी जयपुर हवाई अड्डे से वेधशाला पहुंचे, जबकि श्री मैक्रों आमेर किले का दौरा करने के बाद स्थल पर आये। वहां दोनों नेताओं ने मुलाकात की और एक दूसरे को गले लगाया। बाद में, उन्होंने वेधशाला का दौरा किया। जंतर मंतर दुनिया की सबसे बड़ी पत्थर की धूपघड़ी वाली सबसे पुरानी खगोलीय वेधशालाओं में से एक है। इससे पहले, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन जयपुर पहुंचे, जहां वह भारत-फ्रांस संबंधों को

›› पेज 2 भी देखें



### राज्यपाल की अपील

**रांची:** राज्य स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। इसमें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता के लिए मताधिकार सशक्त हथियार है। लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय एवं प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोकतंत्र सुदृढ़ होगा। भारत निर्वाचन आयोग अपने स्थापना काल से ही सतत प्रत्यनशील है एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष का थीम रखा गया है- ह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्ल। उन्होंने कहा कि इस थीम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें एवं मतदान के लिए लोगों को प्रेरित भी करें।उन्होंने बताया कि झारखंड के मतदाता सूची में उनका भी नाम सम्मिलित हो गया है। वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे। उन्होंने नए मतदाताओं को ह्यमतदाता फोटो पहचान पत्रह्ल वितरित किया एवं सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।

जवाब

ईडी के सीएम हेमंत सोरेन ने दिया जवाब, कहा

# 31 मार्च तक हूं बिजी, नहीं दे सकता समय

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** जमीन घोटाले के मामले में ईडी का नौवां समन मिलने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी को जवाब भेजा है। सीएम सचिवालय से भेजे गए पत्र के माध्यम से दिये गये जवाब में व्यस्तता का हवाला दिया गया है। सीएम ने 31 मार्च तक पूछताछ के लिए उपलब्ध नहीं रहने की बात कही है। ईडी ने सीएम से पूछताछ के लिये 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिये समन भेजा था। हालांकि सीएम ने 20 जनवरी को पूछताछ के बाद अपने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से मार्च तक पूछताछ नहीं करने की बात कही थी। इसके बाद ईडी ने सीएम को नौवां समन जारी किया। 20 जनवरी को ईडी अधिकारियों ने सीएम के आवास पर करीब सात घंटे पूछताछ की थी।वैध तरीके से जमीन खरीद-फरोख्त के मामले में झारखंड, बंगाल व बिहार के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को ईडी की छापेमारी की थी। दूसरे दिन जारी इस छापेमारी में हिरासत में लिए गए सात आरोपितों बड़गाईं अंचल का अंचलाधिकारी भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी कागजात तैयार करने वाले अफसर अली, सद्दाम, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, प्रदीप बागची व फैयाज खान को ईडी ने गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान सेना के कब्जे वाली जमीन की मूल कागजात को भी ईडी ने जब्त कर पुराने व नए कागजात की फोरेंसिक जांच कराई तो पता चला कि जमीन के कागजात में हेराफेरी कर रैयत के नाम मे भी फेरबदल किया गया है। बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के आवास और मोबाइल फोन से बरामद दस्तावेज बरामद हुए थे। इन दस्तावेजों की छानबीन और उनसे जुड़े तथ्यों के सत्यापन को लेकर ईडी सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रही है। जमीन घोटाले के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी अब तक 236 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को कुर्क कर चुकी है।

मणिपुर की रक्षा के लिए शपथ लें सभी विधायक और सांसद

## कट्टरपंथी मैतेई संगठन ने की नये किस्म की पहल

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** हिंसा की आग में जलने के बाद भी मणिपुर में अभी शांति नहीं है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और मैतेई संगठन एक सुर में बोल रहे हैं। एन. बीरेन सिंह सरकार हिंसाग्रस्त समुदायों के बीच विश्वास बहाली के बजाए अविश्वास भड़काने में लगी है।

एक कट्टरपंथी मैतेई संगठन ने एक बैठक बुलाकर केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायकों को शपथ दिलाया कि वह राज्य को बंटने नहीं देंगे। बुधवार को इंफाल के कांगला किले में कट्टरपंथी मैतेई संगठन अरामबाई तेंगगोल ने एक बैठक बुलाई। जिसमें एक केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद, विभिन्न पार्टियों के विधायक उपस्थित हुए।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कांगला किले में नहीं थे, लेकिन उनका नाम उन मांगों पर हस्ताक्षर करने वालों की सूची में शामिल था, जिन्हें मैतेई नेताओं ने केंद्र को बताने का वादा किया था। उपस्थित लोगों में विदेश राज्य मंत्री और आंतरिक मणिपुर से लोकसभा सांसद राजकुमार रंजन सिंह और मणिपुर से राज्यसभा सांसद लीशेम्बा सनाजाओबा शामिल थे।

मांगों की सूची पर हस्ताक्षर करने वाले 37 विधायकों में भाजपा के 25 विधायक, एनपीपी से चार, जेडीयू से दो और एक निर्दलीय विधायक शामिल हैं- जिनमें सीएम, उनके डिप्टी विश्वजीत सिंह और स्पीकर सत्यब्रत सिंह शामिल हैं। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इसमें पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह समेत विपक्षी कांग्रेस के सभी पांच विधायक भी शामिल थे।

अवैध खनन मामला

## दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत पर सुनवाई 31 को



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**1250 करोड़ रूपए के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका की सुनवाई गुरुवार को ईडी कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से आंशिक बहस की गई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 31 जनवरी निर्धारित की है। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है।दरअसल, हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राहुल ने 2 जनवरी को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था, इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। प्रार्थी को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था। जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी।

बंधु तिर्की का बीजेपी पर वार: कहा

## भाजपा वर्तमान सरकार को अपदस्थ कर जनता को देना चाहती है गलत संदेश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजनीति की प्रयोगशाला कहा जाने वाला झारखंड एक बार फिर राजनीतिक चचाओं के केंद्र में है। हर तरफ यही चर्चा है कि झारखंड की राजनीति किस ओर करवट लेगी। ईडी की कार्रवाई, सरफराज अहमद का इस्तीफा, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के सीएम बनने तक की चर्चा सियासी गलियारों में चल रही है।

एक तरफ ईडी द्वारा मुख्यमंत्री आवास पर जाकर पूछताछ किए जाने के बाद यह चर्चा भी जोरों पर है कि सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को किसी कानूनी दांव पेंच की वजह से कुर्सी ना छोड़नी पर जाए। वहीं दूसरी गांडेय विधानसभा सीट से सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद यह कयास भी है कि कहीं हेमंत सोरेन की जगह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम ना बना दिया जाए। ईडी के द्वारा की गई कार्रवाई ने झामुमो, कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के नेताओं की चिंता बढ़ा दी है। विपक्ष में बैठी भाजपा आए दिन हेमंत सरकार को भ्रष्टाचारी बता रही है और उन पर जनता को ठगने का आरोप लगाती नजर आ रही है। वहीं सत्ता पक्ष में बैठी झामुमो, कांग्रेस, राजद अपने मुख्यमंत्री का बचाव करते दिख रहे हैं।

इन आरोप-प्रत्यारोपों के बीच झारखंड के पूर्व मंत्री और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि जब भाजपा की सरकार झारखंड में नहीं बनी और चार साल से ज्यादा वर्तमान सरकार ने पूरा कर लिया तो अब बीजेपी के पेट में दर्द हो रहा है। इसीलिए भाजपा ऐन-केन प्रकारेन हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन की सरकार को गिराना चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन से लेकर अब तक सिर्फ रघुवर सरकार ने ही पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है और उसके बाद वर्तमान सरकार में सीएम हेमंत सोरेन पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले हैं। इसीलिए भाजपा बीच में ही हेमंत सरकार को परेशान कर जनता के बीच में यह संदेश देना चाहती है कि बीजेपी के अलावा कोई भी पार्टी झारखंड में स्थायी सरकार नहीं दे सकती।कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने बताया कि भाजपा के नेताओं ने जब देख लिया कि गठबंधन की सरकार राज्य को अच्छे से चला रही है तो वह केंद्र एजेंसियां का मदद लेकर सरकार को अपदस्थ करना चाहती है। लेकिन झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के गठबंधन की सरकार मजबूत है और आने वाले दिनों में भी हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी को राज्य से बेदखल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

पेज एक का शेष

### कई कल्याणकारी योजनाओं .. .. .. .. .

आजादी के बाद के दशकों में लंबे समय तक भारत में विकास को सिर्फ कुछ ही क्षेत्रों तक सीमित रखा गया। देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा, विकास से वंचित रहा। इसमें भी उत्तर प्रदेश, जहां देश की सबसे अधिक आबादी बसती थी, उस पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। ये इसलिए हुआ क्योंकि लंबे समय तक यहां सरकार चलाने वालों ने शासकों की तरह बर्ताव किया। जनता को अभाव में रखने का, समाज में बंटवारे का रास्ता उनको सत्ता पाने का सबसे सरल माध्यम लगा। इसकी कीमत उत्तर प्रदेश की अनेक पीढ़ियों ने भुगती ही है, लेकिन साथ-साथ देश को भी इसका बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।

2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से, यूपी ने पुरानी चुनौतियों से निपटने के साथ ही, आर्थिक विकास को नई गति दी है। आज का कार्यक्रम हमारी इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आज भारत में दो बड़े डिफेंस कॉरिडोर पर काम चल रहा है, उनमें से एक यूपी में, पश्चिमी यूपी में बन रहा है। आज भारत में नेशनल हाईवे का तेजी से विकास हो रहा है, उसमें से अनेक पश्चिमी यूपी में बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, पहले खराब कनेक्टिविटी की वजह से किसान की पैदावार समय पर बाजार नहीं पहुंच पाती थी। किसानों को अधिक भाड़ा भी देना पड़ता है। गन्ना किसानों को कितनी परेशानी होती थी, ये आपसे बेहतर और कौन जानता है? किसानों की उपज को अगर विदेश एक्सपोर्ट करना होता था, तो वो भी मुश्किल था। यूपी समंदर से बहुत दूर है, इसलिए उद्योगों के लिए जो गैस और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट चाहिए, उन्हें भी ट्रकों में लाना पड़ता था। इन सारी चुनौतियों का हल, नए एयरपोर्ट और नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में है। अब यूपी में बना सामान, यूपी के किसानों के फल-सब्जी, और ज्यादा आसानी से विदेशी बाजार तक पहुंच पाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा, आज मैं देख रहा था, कुछ मीडिया वाले चला रहे थे कि आज बुलंदशहर में मोदी चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। मोदी तो विकास का बिगुल फूंकता रहता है। मोदी तो समाज के आखिरी व्यक्ति के कल्याकण के लिए बिगुल फूंकता रहता है। मोदी को न पहले जरूरत थी, न आज जरूरत है, न आगे जरूरत है, चुनाव के बिगुल फूंकने की। मोदी के लिए तो ये जनता-जनार्दन बिगुल फूंकती रहती है। और जब जनता-जनार्दन बिगुल फूंकती है, तो मोदी को अपना समय उस बिगुल को फूंकने में नहीं लगाना पड़ता। उसको तो अपना समय जनता-जनार्दन के चरणों में बैठ करके सेवा भाव से काम करने में उसका समय लगा रहता है।

### जगदीश शेट्टार की .. .. ..

अमित शाह द्वारा हस्ताक्षरित - पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में कर्नाटक इकाई के प्रमुख बीवाई विजयेंद्र और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की उपस्थिति में हुई। भाजपा के वैचारिक गुरु, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कट्टर अनुयायी के रूप में देखे जाने वाले श्री शेट्टार ने कहा, मैं इस विश्वास के साथ फिर से जुड़ रहा हूं कि नरेंद्र मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री बनना है। अपनी घर वापसी के बाद नड्डा; श्री नड्डा ने अपनी गर्दन के चारों ओर पार्टी का दुपट्टा लपेटा और उनके हाथ को मजबूती से पकड़कर तस्वीरें खिंचवाईं, जिसके बाद दोनों, श्री येदियुरप्पा और उनके बेटे के साथ बैठक के लिए बैठ गए। इससे पहले आज श्री शेट्टार ने दावा किया कि कुछ मुद्दों के कारण उन्हें भाजपा छोड़नी पड़ी और कांग्रेस में शामिल होना पड़ा, और कहा, पिछले आठ या नौ महीनों में बहुत सारी चचाएँ हुईं। भाजपा कार्यकताओं ने मुझसे वापस आने के लिए कहा।।।येदियुरप्पाजी और विजयेंद्र जी भी चाहते थे कि मैं वापस आऊं।।। इसलिए मैं दोबारा शामिल हो रहा हूं।

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के माध्यम से पलटवार किया है, जिन्होंने बस यह बताया कि भाजपा द्वारा उनका अपमान किए जाने के बाद श्री शेट्टार उनकी पार्टी में चले गए थे। सिद्धारमैया ने कहा, वह यह कहते हुए कांग्रेस में शामिल हुए कि भाजपा ने उनका अपमान किया है। हमने उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया, हारने के बाद उन्हें एमएलसी बनाया। इसलिए कांग्रेस में उनका अपमान नहीं हुआ और न ही उनके साथ अन्याय हुआ।

पिछले साल कर्नाटक चुनाव में लड़ने के लिए टिकट से इनकार किए जाने के बाद जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल हो गए। अपने स्थान परिवर्तन के बाद श्री येदियुरप्पा ने कहा कि श्री शेट्टार ने गलती की है। उन्होंने कहा, हमने उन्हें राज्यसभा सदस्यता का वादा किया था और (कहा) हम उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाएंगे। अमित शाह ने खुद उनसे बात की थी। मुझे लगता है कि उन्होंने जाने से गलती की।।। हमने लगभग हर बार पूरे दिल से उनका समर्थन किया। 68 वर्षीय जगदीश शेट्टर को भाजपा की सत्ता विरोधी रणनीति के तहत नजरअंदाज कर दिया गया, जो उस समय राज्य में सत्ता में थी। रणनीति काम नहीं आई - कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की।

### जंतर मंतर पर मैक्रोन से मिले .. .. ..

मजबूत करने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करने से पहले साइटों का आनंद लेने में कई घंटे बिताएंगे। श्री मैक्रॉन, जो 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं, जयपुर में कई घंटे बिताएंगे, पास के पहाड़ी क्षेत्र अंबर पैलेस सहित प्रतिष्ठित स्थलों का दौरा करेंगे, और श्री मोदी के साथ एक रोड शो में भाग लेंगे। दोनों नेता शाम को रामबाग पैलेस होटल में आधिकारिक वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने 25 जनवरी को अपने रोड शो से पहले यहां जंतर-मंतर पर मुलाकात की। दोनों नेता शाम को रामबाग पैलेस होटल में आधिकारिक वार्ता करेंगे।

## राज्यपाल रांची व सीएम दुमका में फहराएंगे राष्ट्रध्वज

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रध्वज फहराएंगे। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उप राजधानी दुमका में झंडोत्तोलन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को ही दुमका पहुंच गये, जहां जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। झंडोत्तोलन के बाद सेना और अर्धसैनिक बल के जवान परेड करेंगे। सरकार के कई विभागों की ओर से झाकियां भी निकाली जाएगी।

## बोकारो स्टील पर करें कार्रवाई:सरयू राय

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने सीएम हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि दामोदर नदी को प्रदूषित करने के लिए बोकारो स्टील लिमिटेड पर कानूनी कारवाई करें। साथ ही कहा है कि बोकारो उपायुक्त और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को भी इसके लिए निर्देश दें। उन्होंने कहा कि दामोदर बचाओ आंदोलन के कार्यकताओं ने मुझे बोकारो स्टील के तेजाब नाला से हो रहे प्रदूषित बहिस्राव के कारण नदी का पानी लाल हो जाने की तस्वीरें भेजी है। मैंने इसे बोकारो के उपायुक्त को भेज दिया है। जो जिला पर्यावरण समिति के पदेन अध्यक्ष भी होते हैं। मैंने उनसे प्रदूषक के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की।उन्होंने कहा कि दामोदर बचाओ आंदोलन के सतत प्रयास के कारण दामोदर नदी का जल चार साल पहले औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त हो गया है।

राजनीति

सीएम आवास के पास गैर जरूरी भीड़ की वजह से सीआरपीएफ आयी

## यह सरकार और जेएमएम की गलती: राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 20 जनवरी को जमीन खरीद बिक्री मामले में सीएम हेमंत सोरेन से उनके आवास में ईडी की पूछताछ दौरान करीब 10 बसों में भरकर सीआरपीएफ के जवान मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। जिसे झारखंड सरकार ने काफी गंभीरता से लिया और गृह विभाग से मामले पर जानकारी मांगी। दूसरी तरफ झारखंड पुलिस ने गोंदा थाने में पांच सौ सीआरपीएफ जवान, कमांडेंट और आईजी पर एफआईआर दर्ज करा दिया। वहीं अज्ञात जेएमएम और भीम आर्मी के कार्यकताओं के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ। इसके बाद से ही यह मामला काफी गर्म है।रांची विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन काफी गुस्से में दिखे एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह मामला पूरी तरह से सरकार की गलती को दशार्ता है। कहा कि ईडी की पूछताछ के दौरान गैर जरूरी भीड़ जमा हुई थी। यह भीड़ एक तय रणनीति के तहत जमा हुई थी। इसलिए सीआरपीएफ को आना पड़ा। यह साफ तौर से सरकार और पार्टी की गलती है। ऐसी परंपराएं बंद होनी चाहिए।राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय की शुरूआत करने के लिए रांची विश्वविद्यालय के अर्यभट्ट सभागार पहुंचे थे। आयोजन खत्म होने पर मीडिया के सवालों के

## बीजेपी नेताओं की जुबान बोल रहे राज्यपाल:जेएमएम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झामुमो ने गुरुवार को राज्यपाल को निशाने पर लिया। खासकर उनके उस बयान को लेकर जिसमें उन्होंने पत्रकारों से कहा कि 20 जनवरी को राज्य सरकार के द्वारा सीआरपीएफ के खिलाफ की गयी प्राथमिकी गलत है। यह सरकार की गलती भी है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से कई सवाल भी पूछे हैं। साथ ही कहा है कि राज्यपाल भाजपा नेताओं की जुबान बोल रहे हैं। राज्य सरकार के खिलाफ उनका दिया गया वक्तव्य अप्रत्याशित एवं अनावश्यक है। उनकी जो भी व्याकुलताएं हैं, वो सार्वजनिक मंच पर नहीं बल्कि प्रक्रियागत तौर पर व्यक्त हो। ऐसा नहीं होने पर यह समझा जायेगा कि उनका बयान राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित है जो कठोर निंदनीय है।सुप्रियो भट्टाचार्य के मुताबिक, कार्यपालिका में यह स्पष्ट है कि किसी भी राज्य में प्राकृतिक आपदा, आपातकालीन स्थिति या कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने पर स्थानीय जिला के मजिस्ट्रेट केंद्र सरकार के अर्दध सैनिक बल, सैन्य बल तथा एनडीआरएफ की मांग करते हैं। संख्या बल भी बताया जाता है जिसमें यूनिट कंपनी तथा बटालियन की मांग होती है।झामुमो के स्तर से पार्टी कार्यकताओं को सीएम हाउस के समीप आने को सार्वजनिक आह्वान नहीं किया गया था। वे उद्वेगवश और स्वतः स्फूर्त होकर आवास की तरफ अपने अपने घरों से आ गये थे। इसके बाद रांची जिला बल ने उन्हें आवास से दूर रोक लिया। संपूर्ण निवास स्थान को प्रतिबंधित क्षेत्र की तरह सीमित कर दिया। राज्यपाल को यह भी पता होगा कि इस राज्य के एक विशेष राजनीतिक दल के कार्यकर्ता समाज विरोधी, संप्रदाय विरोधी एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोग होते हैं जिनकी पहचान समाज को है। इसलिए मतदान के समय उसे शासन से दूर रखता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा 20 जनवरी को सीआरपीएफ की उपस्थिति के संबंध में जो आधिकारिक एवं सार्वजनिक बयान दिये गये, उन्हीं शब्दों का उपयोग हिन्दी भाषा की जगह अंग्रेजी भाषा में राज्यपाल द्वारा गुरुवार को किया गया।

## जेबीएनएल के जवाब के इंतजार में नियामक आयोग

# फरवरी में घोषित होगी नयी बिजली दरें

▶▶ फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से नयी बिजली दरें घोषित की जानी है। नियामक आयोग की ओर से जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। दिसंबर में नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल से जनसुनवाई के दौरान मिली आपत्ति और सुझाव पर जवाब मांगा था। लेकिन इसमें से कुछ बिंदुओं का जवाब जेबीवीएनएल ने आयोग को दे दिया है। जबकि अन्य बिंदुओं पर जेबीवीएनएल जल्द आयोग को जवाब देगा।जेबीवीएनएल की ओर से आयोग को सौंपे जवाब के बाद आयोग की ओर से सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। सलाहकार समिति की बैठक आयोजित करने के बाद आयोग की ओर से नयी दरें घोषित की जायेगी। फिलहाल इसमें समय लगेगा।

नियामक आयोग की मानें तो फरवरी में नयी बिजली दरें घोषित की जायेगी। जेबीवीएनएल की ओर से आयोग को सभी बिंदुओं पर जवाब देने के बाद ही आयोग आगे की कारवाई करेगा। जानकारी हो कि इसके पहले साल 2023 के जून में नयी बिजली दरें घोषित की गयी थी। अब फिर से आयोग नयी बिजली दरें घोषित करने वाला है। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से नियामक आयोग को सौंपे प्रस्ताव की मानें तो घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2 130 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की दर 6 130 रुपये प्रति यूनिट है। जिसे बढ़ा कर 8 160 रुपये यूनिट करने का प्रस्ताव है। फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है। यह दर 400 यूनिट से अधिक खपत करनेवाले उपभोक्ताओं के लिए है। जबकि 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं की दर 7 160 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव है।





















## शहर >> अपडेट

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर तैयारी तेज**

**पाकुड़** : भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर परिषदन में कांग्रेस के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता न्याय यात्रा के संयोजक सुबोधकांत सहाय ने किया। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी हिस्सा लिया। बैठक में राहुल गांधी की यात्रा को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गयी बैठक में पार्टी पदाधिकारी आलमगीर आलम ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए गांव व शहर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

**दो दिवसीय जतरा महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री आमंत्रित**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज राष्ट्रीय जतरा समिति, रांची के सदस्य गणों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 31 जनवरी और 1 फरवरी को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जतरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महोत्सव में झारखंड के अलावा अन्य पड़ोसी राज्यों के जनजातीय समुदायों के कलाकारों द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में समिति के अध्यक्ष अंतू तिर्की, महासचिव श्रीमती नीलम बिरुली और श्रीमती राधा हेंब्रम, सूरज टोप्पो, नरेश पाहन, अमित मुंडा, श्रीमती निरंजना हेरेंज टोप्पो, मोहन तिर्की, मिथिलेश कुमार, सुरेश मिर्धा, नारायण साहू, डब्लू मुंडा, विक्की करमाली औ? राजकिशोर साहू मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**जारंगडीह मे सात दिवसीय रामलीला का आयोजन**

**बेरमो**: रामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के दूसरे दिन जारंगडीह स्थित दुर्गा मंदिर मे सात दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन इंटक राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कथारा क्षेत्रीय सचिव वरुण कुमार सिंह ने पूजा, आरती वो फीता काटकर किया। रामलीला का कार्यक्रम प्रयागराज से आये कलाकारो ने भगवान राम से जुड़े उनके जीवन काल का का वर्णन कर लोगो को ज्ञात कराएंगे ताकि लोगो को कांकरिया हो सके। यहाँ इंटक नेता वरुण कुमार सिंह ने कहा की आज से तीस वर्ष पूर्व इन क्षेत्रो मे रामलीला का आयोजन हर वर्ष कहीं न कहीं होते रहता था उसमे लोगो की हूजूम जुटता था लोगो काफी उत्सुकता के साथ आयोजन मे उपस्थित होकर रामलीला देखते थे इस जब से टीवी मोबाईल आया इन कार्यकर्मो की चाहत लोगो मे कम दिखाई देने लगा लोग कट चुके थे लेकिन रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद जारंगडीह मे रामलीला का आयोजन होने से लोगो के बिच पुनः उत्सुकता जग गया है लोग रामलीला को देख पुरानी याद ताजा कर लिए। उन्होंने कहा की कलाकार काफी दूर से आकर भगवान के जीवानी को बता रहे है ऐसे समय मे लोग अधिक संख्या मे जुटकर इन कलाकारों का मनोबल बढ़ाये ताकि कलाकार प्रयागराज जाकर जारंगडीह का नाम ले। रामलीला के पहले दिन के कार्यक्रम को लोगो ने काफी सराहा। मौके पर अशोक ओझा, ललेन्द्र झा, कमलेश मिश्रा, रामदास केवट, हरिहर मंडल, चन्दन गुप्ता आदि महिला पुरुष उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** 14 वें. राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

# मतदान करना संवैधानिक अधिकार : डीईओ

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : गुरुवार को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर चास प्रखंड के कांड्रा स्थित गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंप सभागार में डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी ने पदाधिकारियों, कर्मियों एवं युवाओं को मतदान करने के लिए मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया। उन्होंने युवाओं को अपने संबोधन में कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। जैसे ही हमारी आयु 18 वर्ष हो जाती है, हम वोट करने के लिए योग्य हो जाते हैं, हमारा संविधान इसका हमें अधिकार देता है। जिस तरह हम व्यस्क हो जाने पर अपने कैरियर के लिए प्लानिंग करते हैं, उसी तरह हमें मतदान करने-अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए भी प्लानिंग करनी चाहिए। अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान डीईओ सह डीसी ने




उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों, युवाओं, छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाया। इससे पूर्व, एसपी प्रियदर्शी आलोक एवं अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवनिया ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं मतदान के महत्व से सभी को अवगत कराया। वहीं जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने स्वीप एवं विभिन्न विद्यालयों में संचालित ईलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब, मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए आहर्ता तिथियों प्रतिवर्ष एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई एवं एक अक्टूबर की विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में जन जागरूकता के लिए छात्रझछात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता, ओपन क्विज प्रतियोगिता, नाटक का मंचन आदि कराया गया। विजयी प्रतिभागियों एवं बेहतर कार्य करने वाले बूथ लेवल आफिसर, आपरेटरों को प्रशस्ति पत्र, शिल्ड देकर डीसी, एसपी एवं एएमसी द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मेनका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफिक आलम, डीसीएलआर नरेश रजक, चास अंचलाधिकारी दीवाकर दूबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, संस्थान के निदेशक, सचिव समेत सभी कार्यालयों के वरीय पदाधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

**बोकारो से 1000 से अधिक रामभक्त जाएंगे अयोध्या**



**बोकारो** : आगामी 5 व 26 फरवरी को अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नव निर्मित भव्य मंदिर का पार्टी की योजना से दर्शन कार्यक्रम के आलोक में बोकारो विधानसभा भाजपा की बैठक बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवास में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य झारखंड विधानसभा विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण उपस्थित रहे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 5 व 26 फरवरी को बोकारो विधानसभा क्षेत्र से 1000 से अधिक रामभक्त अयोध्या जाएंगे। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता तथा रामभक्त शामिल होंगे। हम सभी के लिए गौरव की बात है कि बोकारो यात्रा का मुख्य केंद्र रेलवे मंत्रालय द्वारा बनाया गया। विभिन्न राज्यों से अयोध्या दर्शन के लिए जाने वाले रामभक्त बोकारो होकर गुजरेंगे। रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत ट्रैन का पहला जत्था 29 जनवरी को रात 12 बजे बोकारो स्टेशन आयेगी। अयोध्या दर्शन के जिला संयोजक कमलेश राय ने कहा कि प्रत्येक रामभक्तों को 1100 रुपये लेंगे जिसमें आने-जाने, ठहरने बस खाना सब उपलब्ध कराया जायेगा। 5 फरवरी को जो ट्रैन जायेगी उसकी वापसी 7 फरवरी को होगी। बैठक में मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, संजय त्यागी, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, केके बोराल, त्रिलोकी सिंह, राघवेंद्र कुमार, सुजीत चक्रवर्ती, तारा साह, पन्नालाल कान्दू, हरीश सिंह, विनय किशोर, मनोज सिंह, सनातन सिंह, अनिल सिंह, मनजीत सिंह, गोलू उपाध्याय, अविनाश झा, ब्रज दुबे, मोहन गोराई, मनीष पांडेय, निमाई महथा आदि उपस्थित थे।

**किशोरियों को हाइजेनिक एवं सेनिटेशन से की दी जानकारी**




**बोकारो** : राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सामाजिक एवं पर्यावरणिक संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन ने चास के वार्ड नंबर 20 स्वामी विवेकानंद पथ पर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। जागरूक कार्यक्रम में किशोरियों को हाइजेनिक एवं सेनिटेशन से संबधित जानकारियां दी गई। माहवारी में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही सेनेटरी पैड, साबुन आदि किशोरियों के बीच वितरण किया गया। सोमिता सेन एवं सौम्या शुभ्रा ने किशोरियों को प्रशिक्षित किया। मौके पर पूजा कुमारी, बंदना कुमारी, संस्था अध्यक्ष प्रीति रंजन, सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्त्ता अमृत बाउरी, राजेश बाउरी सहित तमाम किशोरियां उपस्थित थे।

# मतदाता दिवस पर मैराथन दौड़ा युवाओं ने मतदान की ली शपथ




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़**: 75वें गणतंत्र दिवस के पूर्व जिला प्रशासन द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ की शुरूआत गुरुवार को सिद्धो कान्हू मुर्मू पार्क स्थित वीआईपी रोड से हुई दौड़ को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में काफी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ वीआईपी रोड से शुरू होकर सोनाजोड़ी और वहां से वीआईपी रोड आकर समाप्त हुई प्रतिभागियों के साथ उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल एवं उनकी रुचि बरनवाल, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी हरवंश पंडित समेत अन्य पदाधिकारी भी इस मैराथन दौड़ में शामिल हुए. मैराथन में प्रथम स्थान दुमका निवासी ब्रेंटियस मरांडी ने अर्जित की. वहीं द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः पाकुड़िया निवासी सुनील टुडु एवं जंगीपुर निवासी अर्जुन रविदास ने अर्जित की। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इस मैराथन दौड़ के आयोजन का मकसद देश के लिए युवाओं को उनके दायित्व के लिए जागृत करना है। समाज में एकता व सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे इसके लिए हम सबों को मिलकर प्रयास करना होगा। मैराथन में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाले युवाओं के चेहरे पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी. वह इस आयोजन को लेकर काफी खुश थे. कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न खेल संघों एवं सिविल सोसाइटी के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैराथन का आयोजन किया जाता है। इस बार भी इसका आयोजन किया गया। प्रथम स्थान अर्जित करने वाले टोनाय मुर्मू को बतौर पुरस्कार साइकिल दिया गया. वहीं अन्य दोनों द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाले धावकों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. इसके अलावा उपायुक्त ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को दिलाई शपथ मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, सिविल सर्जन डॉ० मंटू कुमार टेकरीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़ बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू, अंचलाधिकारी भागीरथ महतो, प्रशासक, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा व अन्य पदाधिकारी समेत जिले के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गणेशपुर पंचायत के पाहन टोला में पागल हाथी ने मचाया उत्पात



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ** : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के पाहन टोला में बीते रात के आस पास एक जंगली पागल हाथी ने तबाही मचाते हुए जनार्दन चौधरी के मकान को पूरी तरह से ध्वस्त करते हुए घर में रखे सारे सामान बर्तन अनाज पलंग बक्सा महुआ चावल इत्यादि की को चाट कर सामान को तोड़ फोड़ दिया जिस से पीड़ित को लाखो का नुकसान हो गया पीड़ित परिवार ने वन विभाग को अपने नुकसान दिखाते हुए कहा की इस ठंड के मौसम में कहा अपना सर छुपाएं। खाने को भी नौबत आ गए है। घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुहवाहा घटना स्थल पर पहुंच के नुकसान का जायजा लेकर पीड़ित परिवार का हाल देख उनके परिवार को एक पैकेट चावल अन्न दान सावरूप देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही साथ समाजसेवी राजेंद्र सिंह जी के द्वारा भी 20 चावल पीड़ित परिवार को दिया गया। एवम लक्ष्मण कुशवाहा के द्वारा वन विभाग एवम सरकार से मांग करते हुए कहा की पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द पक्का मकान एवम खाद्य पदार्थ जल्द मुहाया कराया जाए ताकि गरीब परिवार अपना गुजारा कर सके। लक्ष्मण कुशवाहा ने वन विभाग को इस नुकसान की भरपाई जल्द करने को कहा।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा पत्नी सोनी देवी बसंत कुशवाहा मोहम्मद रकीब जितेंद्र ओरावन गोपी महतो दिनेश ओरांव मनोज साहू राजेन्द्र सिंह नंदकिशोर महतो दीपक एमडी रकीब कौलेश्वर महतो प्रवीण महतो सोनी देवी सुषमा कुमारी सोनी कुमारी पायल कुमारी सोनम कुमारी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 28 को**

बोकारो : रविवार, 28 जनवरी को सेक्टर वन स्थित अग्रसेन भवन में दोपहर 3 बजे से राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवयित्री रीना यादव के संयोजन में काव्य स्पंदन बोकारो के बैनर तले हो रहे इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से गोविंद गजब, पटना से अविनाश बंधु, जमशेदपुर से लता मानकर, नवीन अग्रवाल, धनबाद से अनंत महेंद्र, रांची से स्नेहा राय, रामगढ से सरोज झा झारखण्डी सहित बोकारो के 7 कवि-कवयित्री इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में काव्य पाठ से काव्य रसिकों को आनंदित करेंगे। कवि ब्रजेश पाण्डेय, अरुण पाठक, कवयित्री करुणा कलिका, सोनी कुमारी, माला और जाहिद सूफी बोकारो का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजक रीना यादव ने सभी काव्य प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर तैयारी तेज**

**पाकुड़** : भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर परिषदन में कांग्रेस के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता न्याय यात्रा के संयोजक सुबोधकांत सहाय ने किया। बैठक में राहुल गांधी की यात्रा को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गयी बैठक में पार्टी पदाधिकारी आलमगीर आलम ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए गांव व शहर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# न्यायिक पदाधिकारियों ने ली मतदान की प्रतिज्ञा

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर न्याय सदन सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो में व्यवहार न्यायालय बोकारो के न्यायिक पदाधिकारीगण कर्मचारीगण एवं पीएलबी आदि को मतदान प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारू संपादन में मतदान बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके द्वारा मतदाता उचित प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय आलोक कुमार दुबे, पीठासीन पदाधिकारी श्रम न्यायालय अनुज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राजीव रंजन, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ योगेश कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दिव्या मिश्रा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लूसी सोसेन तिग्गा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव निभा रंजन लकड़ा एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारीग एवं पीएलबीगण आदि उपस्थित थे। इसकी आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो की प्रभारी सचिव निभा रंजन लकड़ा ने दी।

## मंत्री बेबी देवी करेंगी झंडोत्तोलन

**बोकारो** : 75 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान सज-धज कर तैयार है। मैदान में रंगझरोहण कार्य पूरा कर लिया गया है। शुक्रवार को पूर्वाह्न 9 बजे पुलिस लाइन मैदान में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी झंडोत्तोलन करेंगी। इसके पूर्व पुलिस अवर निरीक्षक, सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, झारखंड सशस्त्र पुलिस बल फोर बोकारो, जिला पुरूष सशस्त्र बल-1, जिला पुरूष सशस्त्र बल- 2, जिला महिला सशस्त्र बल एवं गृहरक्षा वाहिनी के प्लाटून एवं विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा परेड किया जाएगा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
**NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-22/2023-24**
**1st Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/22/2023-24 Date:-24.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for strengthening and widening of road from 19th k.m. of Churchu-Hatyari Road to Tati Jharia Road of NH-522 including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Hazaribagh in the State of Jharkhand. (Tentative Length-28km). ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid.** |
| 2 | Tentative Length | 28.00 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 36,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no. -4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 29.01.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 05.02.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 05.02.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 06.02.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,Ist Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.
"Nothing like voting, I vote for sure"
Sd./-
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.
PR 317006 Road(23-24).D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (Co-Operative Division)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)**

**Very Short e-procurement Notice**
**Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/11/2023-24**
**DATE- 22.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | 1. Construction of Central Processing Unit (Big Shed) & 3 Nos. Mini Processing Unit (Small Shed). 2. Construction of MFP Solar Dehydration Unit, Warehouse cum Display cum Sales counter & Solar Cold room. 3. Construction of Quarter For Guard & Toilet Block. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 2,87,36,700.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 2,87,500.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 12 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 01.02.2024 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 10.02.2024 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia,Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 01.02.2024 at 11:00 AM to 10.02.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 10.02.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 02:00 PM on 12.02.2024.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

"Nothing like voting, I vote for sure"
Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi
PR 317025 Co-oprtive(23-24).D

## शहर >> अपडेट

### आईआईएम रांची ने मनाया 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**रांची :** भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची 25 जनवरी 2024 को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) मनाने में देश के साथ शामिल हुआ। यह दिन लोकतंत्र में प्रत्येक वोट के महत्व की याद दिलाता है और नागरिकों को प्रोत्साहित करता है। ताकि वे अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग कर सकें। इस वर्ष एनवीडी उत्सव के लिए चुनी गई थीम श्वोटिंग जैसा कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से वोट करता हूं( वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम) है, जो एक व्यक्ति द्वारा डाले गए प्रत्येक वोट की अद्वितीय शक्ति और प्रभाव पर जोर देती है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के महत्व के बारे में प्रोत्साहित करना और शिक्षित करना है।

**घटना** > सीसीएल ने समझौता के तहत 31 हजार रुपये का दिया मुआवजा

# रेलवे रैक से कोयला उतारने में गई जान

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो /कथारा :** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत कथारा वाशरी से दोपहर जैसे ही कोयला लोड लेकर कथारा वाशरी रेलवे साइडिंग में खड़ा हुई एक दिलदहला देने वाली घटना सामने आई जिसमे पेटरवार प्रखंड के चांपी निवासी खिरोधर प्रजापति का लगभग 42 वर्षीय पुत्र महेश्वर प्रजापति की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कथारा वाशरी से रेलवे रैक कोयला लोड लेकर कथारा वाशरी रेलवे साइडिंग में खड़ी थी इसी बीच चांपी निवासी उपरोक्त युवक रैक से कोयला उतारने के लिए रैक पर चढ़ गया। इससे पहले की वह कोयला उतार पाता उपर से गुजरी 25 हजार वोल्ट करंट के चपेट में आ गया और वही रैक पर ही गिर कर दम तोड़ दिया। इस घटना की खबर फैलते ही सबसे पहले पास के कॉलोनी रेलवे कॉलोनी के लोग वहां पहुचे और देखते ही देखते सैकड़ों लोग वहां जमा हो गए थे। घटना की जानकारी कथारा ओपी को दी गई जिसके बाद ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह व एएसआई केएन पाठक दल बल के साथ वहां पहुचे और घटना की जानकारी गोमिया जीआरपी को दी गई। इधर मृतक के गांव में घटना की खबर पहुते ही उनके वृद्ध पिता और गांव वासी वहां पहुच गए। मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा कथारा मे राज मिस्त्री का काम करता था वह कोई कोयला चोर नही था। कहा कि आज काम नही मिला और वह इसी रास्ते गांव लौट रहा था। रैक मे कोयला लोड देख वह जलावन के लिए कोयला उतारने रैक पर चढ़ा और यह घटना घट गई। कहा कि मृतक के तीन छोटे छोटे बच्चे जिसमे दो पुत्र और एक पुत्री है। घटना की सुचना पाते ही रेलवे साइडिंग इंचार्ज राजू रविदास और रामेश्वर मंडल भी वहां पहुच गए।

गोमिया जीआरपी के घटना स्थल पर पहुचने के बाद सबसे पहले बिजली कटवाई गई और रैक से शव को नीचे उतारा गया। इधर शव के नीचे उतरते ही ग्रामीणों ने शव को लेकर कथारा वाशरी मुख्य मार्ग पर शव को रख सड़क जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। इस जानकारी मिलते कथारा एसओपी जयंत कुमार और अधिकारी गुरु प्रसाद मंडल घटना स्थल पर पहुचे और ग्रामीणों को समझने बुझाने की कोशिश की मगर लोग मुआवजा की मांग पर अड़े रहे आखिरकार ओपी की पहल पर वार्ता सफल हुई और सीसीएल द्वारा मृतक के आश्रित को 31 हजार रुपया देने की सहमति के बाद शव उठाया गया। यह घटना रेलवे ट्रेक के पोल संख्या 4/5 और 4/7 के बीच घटी बताई जाती। बताता चलू की कथारा वाशरी से कोयला लोड लेकर निकलने के बाद रैक का कोयला कोयला चोरो के निशाना पर रहता है और आय दिन रैक से कोयला उतारने की दृश्य का दिखना आम है।

## 45वां स्थापना दिवस पर झामुमो के हजारों कार्यकर्ता जाएंगे दुमका



**पाकुड़ :** लड्डू बाबू आम बागान में जिला कार्य कारिनी कमिटी की बैठक हुई जिसमें गणतंत्र दिवस मनाने एवं 2 फरवरी झामुमो के 45 वां स्थापना दिवस को लेकर चर्चा की गई। तय किया गया कि पाकुड़ जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उप राजधानी दुमका जाएंगे । इसके अलावा जिला दलित मोर्चा तथा पाकुड़ प्रखंड युवा मोर्चा का गठन किया गया। जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि 2 फरवरी झारखंड मुक्ति मोर्चा का बहुत बड़ा पर्व है उस पर में हम लोग नाचते गाते एवं झुमते हुए दूमका पहुंचते हैं और कॉलेज मैदान में जमा होकर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रैली निकालते हैं ।गुरुजी के अंतिम भाषण को सुनने के लिए रुकते है। सभी प्रखंड को आदेश किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता स्थापना दिवस पर जाये। बैठक में सभी की सहमति से पिछड़ा दलित मोर्चा एवं पाकुड़ प्रखंड में युवा मोर्चा कमेटी का गठन किया गया। बैठक में जिला सचिव सुलेमान बास्की जिला उपाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम जिला उपाध्यक्ष समाद अली संगठन सचिव महमूद आलम संगठन सचिव कुणाल अल्फ्रेड मुर्मू संयुक्त सचिव मुसलोदीन केंद्रीय समिति के सदस्य दीपू मुर्मू मिथिलेश घोष मजदूर मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हवीवुर रहमान महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोसेफिन हेंब्रम बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुसलीमुद्दीन शेख महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अनरूद्दीन मियां अमरपारा प्रखंड अध्यक्ष कॉरिनलियस हेंब्रम हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसाक अंसारी मजदूर मोर्चा के उपाध्यक्ष राजीव कुमार झा उपाध्यक्ष नारायण पहाड़िया कोषाध्यक्ष आशीष दुबे महिला मोर्चा की जिला सचिव सुशीला देवी सभी प्रखंड के अध्यक्ष सचिव झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनएसयूआइ द्वारा डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान

**रांची** :एनएसयूआइ के जिला उपाध्यक्ष आशीष रौशन के नेतृत्व में डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें छात्रों ने अलग-अलग प्रकार के पोस्टर 25 जनवरी मतदाता दिवस, मतदाता जागरूकता अभियान,आओ हम सब मिलकर के लोकतंत्र को बचाएंश्, वोट देना हमारा अधिकार है, का पोस्टर पकड़ कर मतदान जागरूकता अभियान चलाया ।जिला उपाध्यक्ष आशीष रौशन ने छात्रों के बीच जनतंत्र के बारे में बताया की वह अपने मत का उपयोग लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए करेंगे वोट ही एकमात्र जनता का अधिकार है जिससे हम अपना मत का उपयोग करके जनतंत्र को बनाए रखने का काम करेंगे जनता की ताकत उसका एक मत एक वोट है इसलिए जनता को अपनी मतदान की ताकत को समझना चाहिए और आने वाले समय में जिनका भी उम्र 18 वर्ष से अधिक और वोटर कार्ड है वोट देने योग्य हो गए हैं वे अपना मूलभूल संवैधानिक अधिकार का उपयोग अवश्य करेगें ।

# आजसू ने बेरमो संघर्ष समिति को दिया समर्थन

राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट :** आजसू पार्टी के केंद्रीय महा सचिव सह गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति को पार्टी स्तरीय समर्थन दिया। जिला बनाओ संघर्ष समिति द्वारा 29 जनवरी को बेरमो अनुमंडल बंद का आह्वान किया है, बंदी का भरपूर सहयोग करता हूँ। सभी प्रकार का वाहन, सरकारी, गैर सरकारी प्रतिष्ठान सेवा बंद रहेगा, स्वास्थ्य सेवा जैसे मेडिकल, एंबुलेंस, चिकित्सा, प्रेस सेवा, को इस बंदी से मुक्त रखा गया है। अपने सभी समर्थकों से अपील किया है के शन्ति पूर्ण तरीके से अपने अपने क्षेत्रों में बंद का समर्थन करें। पेटरवार एन एच रॉड पर स्वंय खड़ा होकर बंद कराने की बात कहा है। आगे बताते चले कि जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक 51 दिन से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे है। परंतु निरंकुस सरकार किसी प्रकार का सुध नही ले रही है। बेरमो अनुमंडल को बने 51 वर्ष बीत चुका है परंतु आज तक बेरमो को जिला का दर्जा प्राप्त नही हुआ जबकि जिला बनने की सभी आहर्ता रखने के बाबजूद जिला नही मिलना कंही न कंही सरकार के नियत पर सवाल उठता है, उसकी चुनावी घोषणा है कि झामुमो की सरकार बनेगी तो बेरमो को जिला का दर्जा मिलेगा। वही धरने पर बैठे संतोष नायक का ध्यान समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा और महासचिव वकील प्रसाद महतो रखे हुऐ है। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव कुलदीप प्रजापति, समाज सेवी राम कृनकर पाण्डेय, मंटू यादव, अधिवक्ता विनोद कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार, पूर्व मुखिया घनश्याम राम, मृणाल कांति डे, शालीग्राम प्रसाद, नारायण प्रजापति पति, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष गोमिया मिथुन चन्द्रवंसी, सिकन्दर कुमार, घनश्याम राम सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दूसरी कोल इंडिया मैराथन 11 फरवरी को

- रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी को निर्धारित की गई है
- महिलाओं के लिए दौड़ की चार श्रेणियां रखी गई है

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** दूसरी कोल इंडिया मैराथन 2024 का आयोजन 11 फरवरी को किया जाएगा। इसे लेकर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी को निर्धारित की गई है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन तरीके से हो रही है। कोल इंडिया मैराथन के आधिकारिक वेबसाइट पर इच्छुक लोग रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस बार भी पुरुष और महिलाओं के लिए दौड़ की चार श्रेणियां रखी गई है। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**बेरमो :** माननीय झालसा, रांची के निदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के मार्गदर्शन में 26 जनवरी को तेनुघाट जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके सफल संचालन के लिए एक बेंच का गठन किया गया है। जिसके बेंच में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो और पैनल अधिवक्ता प्रमोद सिंह मौजूद रहेंगे। उक्त बातों कि जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

### विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदाता होना सबसे बड़ा गौरव : डॉ मनोज

**रांची :** 25 जनवरी 2024 को मारवाड़ी महाविद्यालय रांची में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र में मतदाता होना सबसे बड़े गौरव की बात है। अतः प्रत्येक छात्र-छात्रा जो मतदाता सूची में नामांकन की पात्रता रखते हैं वह यथाशीघ्र अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर आर आर शर्मा ने कहा कि अभी के समय में ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की सुविधा है। यह सुविधा आज के टेक्नोफ्रेंडली युवाओं के लिए बेहतर विकल्प है कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के लिए काम करनेवाली एजेंसी एएनएम के पीआरओ सन्ना ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के प्रपत्र -6 , नाम हटाने के प्रपत्र -7 तथा नाम संशोधन के प्रपत्र -8 से संबंधित जानकारी साझा की ।

# सीसीएल कथारा आफिसर्स क्लब में पेंशन सह सीएमपीएफ अदालत का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीसीएल कथारा आफिसर्स क्लब मे एक दिवसीय सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए पेंशन सह सीएमपीएफ अदालत का आयोजन सीसीएल कथारा एसओपी जयंत कुमार के देख रेख में सम्पन्न हुई जिस बैठक का संचालन कथारा के अधिकारी गुरु प्रसाद मंडल द्वारा किया गया। इस बैठक में सेवानिवृत्त व मृत सीसीएल कर्मियों के आश्रितों के अलावे लगभग सभी ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों के अलावे सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के तमाम परियोजना के संबंधित अधिकारी और सीसीएल रांची हेड आफिस के पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लेवर कमिश्नर अशीश कुमार, सुनील कुमार तिवारी, विनोद कुमार, विवेक वर्मा, कमरुल हुसैन, नवीन कुमार टीएम सफीक तथा मजदूर यूनियन के ओर से बालगोविंद मंडल, इस्लाम अंसारी, नजाम अंसारी, बालेश्वर गोप, शमशूल हक, पीके जयसवाल आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मौके पर मौजूद यूनियन प्रतिनिधियों और कर्मियों के आश्रितों द्वारा कई प्रश्न इस बात को लेकर उठाये गये कि कागजी त्रुटियां बता कर विभाग मृत कर्मी के आश्रितों को परेशान करने के साथ-साथ पेंशन व सीएमपीएफ मिलने मे होने वाली देरी और टाल-मटोल की निजी पर सवाल उठाए गए।

मौके पर कई कर्मियों के आश्रित स्वंय उपस्थित हो सीसीएल के अधिकारियों से उपरोक्त विषय पर सवाल किए। सारे सवालों को सुनने के बाद रांची से आये अधिकारियों के टीम में शामिल अधिकारियों ने यहां तक कि लेवर कमिश्नर ने इस बात को माना कि विभिन्न कारणो से उपरोक्त कार्यो में विलंब हो रही है मगर काम करने वालो की कमी और जानकारी के अभाव में यह समस्या उत्पन्न हो रही है मगर अब सब कुछ ऑन लाइन किया जा रहा है जल्द ही सभी समस्याओं को दुर किया जा सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में कंपनी कुल 50 हजार कर्मियों को पेंशन की भुगतान करती है। उन्होंने कहा कि सीएमपीएफ में देरी के पिछे का कारण है कागजी लेखा जोखा मे गड़बड़ी। उन्होंने कहा कि सीसीएल अभी एक नई योजना लाई है जिसके तहत सभी सीसीएल कर्मी न्यू नोमनी फार्म अवश्य भरे ताकि भविष्य में किसी को पेंशन, सीएमपीएफ और 940 मे नौकरी लेने मे दिक्कत ना उठाना पड़े। मौके पर ही लगभग 50 सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों की पेंशन सेटलमेंट के कागजात सौपे गए जिससे अब उन्हें पेंशन के लिए कोई भाग दौड़ नही करना पड़ेगा। कुछ के समस्याओं की लिखित शिकायत भी अधिकारियों ने लिए और आश्वासन दिया कि जल्द ही उनके भी समस्या दुर होगे। साथ ही मौके पर मौजूद अधिकारियों ने रिजनल सीसीएल अधिकारियों से कहा कि कर्मियों को जागरूक करने की जरूरत है ताकि किसी भी तरह के फार्म भरने मे कोई त्रुटि ही पैदा ना हो।

# 29 जनवरी को बेरमो बन्द का आह्वान : विधायक

राष्ट्रीय खबर




**तेनुघाट कोर्ट :** आजसू पार्टी के केंद्रीय महा सचिव सह गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति को पार्टी स्तरीय समर्थन दिया। और कहा जिला बनाओ संघर्ष समिति द्वारा 29 जनवरी को बेरमो अनुमंडल बंद का आह्वान किया है। बंदी का भरपूर सहयोग करता हूँ। सभी प्रकार का वाहन,सरकारी ,गैर सरकारी प्रतिष्ठान सेवा बंद रहेगा। स्वास्थ्य सेवा जैसे मेडिकल,एंबुलेंस, चिकित्सा, प्रेस सेवा, को इस बंदी से मुक्त रखा गया है।अपने सभी समर्थकों से अपील किया है के शन्ति पूर्ण तरीके से अपने अपने क्षेत्रों में बंद का समर्थन करें। आगे बताते चले कि जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक 51 दिन से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे है। परंतु निरंकुस सरकार किसी प्रकार का सुध नही ले रही है। बेरमो अनुमंडल को बने 51 वर्ष बीत चुका है परंतु आज तक बेरमो को जिला का दर्जा प्राप्त नही हुआ जबकि जिला बनने की सभी आहर्ता रखने के बाबजूद जिला नही मिलना कंही न कंही सरकार के नियत पर सवाल उठता है, उसकी चुनावी घोषणा है कि झामुमो की सरकार बनेगी तो बेरमो को जिला का दर्जा मिलेगा। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव कुलदीप प्रजापति,कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष गोमिया मिथुन चन्द्रवंसी, जसु श्रीवास्तव, पंकज पाठक,मुन्ना श्रीवास्तव, जियारत अंसारी,सिकन्दर कुमार,घनश्याम राम सहित पार्टी के कई लोग मैजूद थे।

**कारवाई** > गुप्त सूचना के आधार पर कथारा ओपी पुलिस की बड़ी कारवाई

# अज्ञात लोहा चोरों के विरुद्ध होगा मामला दर्ज:ओपी प्रभारी

- अज्ञात चोरो के विरुद्ध मामला दर्ज करने की तैयारी चल रही है

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो /कथारा :** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के रेलवे कॉलोनी के समीप स्थित बंद पड़े केपटी पावर प्लांट किस हद तक लोहा चोरो के निशाने पर इस बात बल तब और अधिक मिलता है जब पुलिस और सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा छापामारी के दौरान भारी मात्रा में प्लांट से चुराये लोहे की बरामदगी होती है। इसी तरह का एक मामला आज अहले सुबह उस समय देखने को मिला जब कथारा ओपी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की लोहा चोरो द्वारा भारी मात्रा में प्लांट से लोहा चुरा कर दामोदर नदी किनारे छुपाकर रखा गया है। सूचना मिलते ही कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह एएसआई केएन पाठक दल बल के साथ बताये ठिकाने पर छापेमारी तो वहां जमा लोहे के मोटे मोटे एंगल और पाइप की मात्रा देख वे भी दंग रह गये। आनन फानन में सीसीएल को सूचना दी गई और फिर मौके पर सीसीएल के सुरक्षाकर्मी भी वहां पहुचे। जप्त सभी लोहो जिसकी वजन लगभग 5 टन के आसपास बताई गई है। ट्रेक्टर के माध्यम से कथारा ओपी लाया गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरो के विरुद्ध मामला दर्ज करने की तैयारी चल रही है। दुसरी तरफ सरल भाषा में कहे तो यह बंद केपटी पावर प्लांट लोहा चोरो ने पुरी तरह खोखला बना डाला है।

पहले प्लांट के कल पुर्जों की चोरी की अब कटर के माध्यम से प्लांट में लगे मोटे मोटे एंगल पाइप व लोहा के अन्य सामाग्री काटकर दामोदर नदी के रास्ते टपा अवैध लोहा गोदाम तक पहुचा दिया जाता है। पुलिस व सुरक्षाकर्मियों की यदाकदा कार्यवाही में कुछ लोहा बरामद होता है मगर फिर भी भारी मात्रा में प्लांट का लोहा लोहा चोर टपाने मे सफल नजर आते हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल की लापरवाही के कारण लोहा चोर रात तो रात दिन के उजाले में ही प्लांट से लोहा चोरी कर ले जाते देखा जाता है। बहरहाल पुलिस को आज मिली बड़ी सफलता से जहां एक ओर पुलिस खुश हैं वही लोहा चोरो के बीच हड़कंप मचा हुआ है। जरुरत है लगातार ऐसे ही कार्यवाही करने की ताकि बचे कुचे प्लांट को बचाया जा सके। इस पुरे घटना क्रम में एक बात जो सभी को चौकाती है कि चोरी का लोहा तो पड़ा जाता है फिर लोहा चोर और अवैध लोहा गोदाम संचालक पुलिस की पहुच से बाहर भला कैसे है।

## फुसरो में मनाई गई जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** सीसीएल ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि स्व. कपूर्री ठाकुर समाजवादी परंपरा के लौह स्तंभ थे एवं अपने नेतृत्व में इन्होंने हमारे समाज एवं देश को एक नई दिशा प्रदान की। आज जरूरत है उनके बताए गए रास्तों पर चलकर देश और समाज को आगे बढ़ाने की। इस अवसर पर एसओ ईएडएम जयशंकर प्रसाद,एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उड़के, एसओ एक्स यू के पासवान, गणेश मल्लाह, गोर्वधन रविदास, कैलाश ठाकुर, जयनाथ मेहता, अरुण कुमार , आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। एक अन्य समाचार के अनुसार अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन फुसरो बेरमो के द्वारा बुधवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह आयोजित की गई। सर्वप्रथम लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।फुसरो नप के पूर्व अध्यक्ष नीलकंठ रविदास, फुसरो व्यवसायी संघ के आर उनेश, यूनियन के अध्यक्ष दीनबंधु ठाकुर व विशिष्ठ अतिथि समाज के दिनेश शर्मा व अनुमंडलीय अध्यक्ष बालगोविंद और अनिल गुप्ता ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर के बहुआयामी व्यक्तित्व की चर्चा करते हुये बताया कि स्वतन्त्रता आंदोलन मे जेल जाने से लेकर राजनीतिक जीवन में उनका कृतित्व अनुकरणीय है।

संपादकीय

# वर्ष 1950 से 2024 तक कहां पहुंचे हम


भारतवर्ष के स्वतंत्र देश में एक गणतंत्र का जन्म हुआ था गत 26 जनवरी 1950 को। उस घटना को अब 75 साल हो गये हैं। इसमें यह हर भारतीय नागरिक के लिए आत्ममंथन का समय है कि हम वहां से चलकर कहां आ पहुंचे हैं। भारत गणराज्य का उद्घाटन इस देश के लोगों में उच्च विश्वास का एक कार्य है, जो योग्य उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए देश की सभी प्रतिभाओं और संसाधनों के समर्पण का संकेत है। यह प्रत्येक भारतीय की ओर से एक अंतर्निहित प्रतिज्ञा है कि वह अपनी ताकत और क्षमता की सीमा तक अपने देश के सम्मान को बनाए रखेगा, अच्छे के लिए उसकी ताकत बढ़ाएगा और विचलित दुनिया को अभय का अपना अमर संदेश देगा। एक लोकतांत्रिक गणराज्य, जिसे हमारे संविधान का लक्ष्य बनाना है, वह है जिसमें व्यक्ति का मूल्य सामूहिक इच्छा में डूबा नहीं है बल्कि उसे बनाए रखता है। ऐसी राजनीति में कोई भी व्यक्ति बैसाखी के सहारे नहीं चल सकता या




सार्वजनिक व्यवसाय को अपनी चिंता का विषय नहीं मान सकता। प्रत्येक नागरिक को यह याद रखना चाहिए कि यदि राज्य के साथ कोई मामला बिगड़ता है तो अंततः वह ही जिम्मेदार है। इसलिए, उसे अध्ययन के माध्यम से न केवल सरकार की मशीनरी के कामकाज से पर्याप्त परिचित होना चाहिए जिसके माध्यम से लोकतंत्र कार्य करता है। उसे उन बुनियादी समस्याओं को समझना होगा जिनसे निपटना होगा यदि अच्छे जीवन को यहीं और अभी साकार करना है। उसके पास चरित्र की ताकत होनी चाहिए जो अकेले ही किसी देश की सच्ची पूंजी है। और सबसे बढ़कर, उसमें अपना कंधा गाड़ी के साथ खड़ा करने और धक्का देने तथा खींचने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए, कभी भी अपने साथियों के साथ कदम से कदम नहीं मिलाना चाहिए, कभी छोटे रास्ते नहीं तलाशने चाहिए, कभी बलि का बकरा ढूंढने के प्रलोभन के आगे नहीं झुकना चाहिए। आज हम जो विशेष अनुपूरक जारी कर रहे हैं, उसका उद्देश्य उस महान साहसिक कार्य की महत्ता के साथ-साथ उसकी भव्यता का अंदाजा देना है, जिस पर भारत के लोग निकल रहे हैं। गरीबी के साथ-साथ हमारी अर्थव्यवस्था की क्षमताएं, हमारी अटूट मानव संपदा का दोहन करने की तत्काल आवश्यकता, सदियों की लंबी नींद के बाद आत्मा को मुक्त करने के लिए शिक्षा की शक्ति, सबक और चेतावनियां जो हमें सफलताओं से लेनी चाहिए और अन्य आत्मनिर्भर लोगों की विफलताएँ - ये सभी मामले, जैसा कि इन सैकड़ों पृष्ठों में बताया गया है, यह आशा की जाती है, पाठक को सामाजिक और सांस्कृतिक पैटर्न की एक सुसंगत तस्वीर प्रदान करेगा जो कि भविष्य में बन रही है। जैसा कि कोई भी समझदार पाठक देखेगा, भविष्य के लिए सतर्क आशावाद में से एक है। अगस्त 1947 का पहला बढ़िया लापरवाह उत्साह परिस्थितियों में जिम्मेदारी के अभ्यास से शांत हो गया है, जीवित रहना अपने आप में एक जीत है। हमारे पास करने के लिए बहुत सारे काम हैं। और हमने एक समय में बहुत सारे काम करने की कोशिश की है। प्रशिक्षित क्षमता महत्वाकांक्षा से मेल नहीं खाती है। बिजली उन बहुत से लोगों के सिर पर चढ़ गई जिन्होंने इसे पैदा करने के लिए बहुत कम काम किया था, लेकिन जो चीनी के लिए मक्खियों की तरह झुंड में आ गए। ज़िम्मेदारी बाँटना एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसके लिए लोगों को निष्ठापूर्वक खुद को तैयार करना चाहिए। सबसे बड़ी कमी जो स्वराज ने उजागर की वह यह है कि महात्मा के नेतृत्व में आजादी हासिल करने वाले देशभक्तों के शानदार समूह के पीछे व्यावहारिक रूप से रक्षा की कोई दूसरी पंक्ति नहीं बनाई गई है, युवा राजनेताओं का कोई समूह नहीं है, जिन्हें बिना टिमटिमाए मशाल सौंपी जा सके। जिनके हाथों में हमेशा की तरह उज्ज्वल रूप से जलने का भरोसा किया जा सकता है। गणतांत्रिक भारत के लिए यह उतना ही आवश्यक है, जितना कि स्वतंत्र होने के लिए संघर्ष कर रहे भारत के लिए, धर्मयुद्ध की भावना को जीवित रखना। केवल, धर्मयुद्ध को भीतर के शत्रु के विरुद्ध किया जाना चाहिए। संविधान ने हमें लोकतंत्र का कवच प्रदान किया है। इसमें जीवन का आह्वान करना हम पर निर्भर है। सृष्टि की पौराणिक किंवदंतियाँ पानी के मुख पर विराट के लेटे हुए होने की बात करती हैं, जो प्रवेश करने वाली किसी भी छोटी शक्ति के प्रति अनुत्तरदायी था, जब तक कि अंततः सर्वोच्च आत्मा ने प्रवेश नहीं किया और तुरंत विराट चला गया। हम इसे अपनी वर्तमान राजनीतिक स्थिति का दृष्टान्त मान सकते हैं। वाइमर गणराज्य ने एक सराहनीय संविधान तैयार किया जो बेकार कागज बन गया क्योंकि गणतंत्र के पेट में कोई आग नहीं थी। यदि भारत को अपने लाखों लोगों के लिए एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और व्यवहार्य राजनीति और पूर्ण जीवन का निर्माण करना है तो यह वह आग है, वह जीवन की ऊर्जा है, जिसे लोगों की सुप्त चेतना में जगाया जाना चाहिए। इससे भारत में गणतंत्र का सही विकास होगा, जो फिलहाल नहीं है।

# भारतीय संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य

गणतंत्र दिवस पर विशेष




भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इस वर्ष हम 74वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। ऐसे में इस विशेष अवसर पर भारत के गौरव के प्रतीक भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को जानना बेहद जरूरी है।

- सर्वप्रथम सन् 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांग की थी कि अंग्रेजों के अधीनस्थ भारतवर्ष का संविधान स्वयं भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए लेकिन तिलक के सहयोगियों द्वारा भारत के लिए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को, जिसमें पहली बार भारत के लिए स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की मांग की गई थी, ब्रिटिश सरकार द्वारा ठुकरा दिया गया था।



श्वेता गोयल
स्तंभकार

- 1922 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मांग की कि भारत का राजनैतिक भाग्य भारतीय स्वयं बनाएंगे। 1924 में पं. मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की फिर मांग की लेकिन अंग्रेजों द्वारा उनकी मांग को भी ठुकरा दिया गया। तब से संविधान सभा के गठन की मांग लगातार उठती रही लेकिन अंग्रेजों द्वारा उसे हर बार ठुकराया जाता रहा।

- 1939 में कांग्रेस अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया कि स्वतंत्र देश के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और अंततः 1940 में ब्रिटिश सरकार ने इस मांग को मान लिया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाया जाए।

1942 में क्रिप्स कमीशन ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि भारत में निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत का संविधान तैयार करेगी।

9 दिसम्बर सन् 1946 को संविधान सभा सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में पहली बार समवेत हुई थी लेकिन मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर इस बैठक का बहिष्कार किया।

- 11 दिसम्बर 1946 को हुई संविधान सभा की बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान के निर्माण का कार्य पूरा होने तक इस पद पर रहे।

- 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा पुनः समवेत हुई और 29 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में संविधान सभा द्वारा संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से डा. भीमराव अम्बेडकर को बनाया गया। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिन तक चली।

संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा।

संविधान के निर्माण कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रुपये का खर्च आया।

संविधान के निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई।

26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने के बाद से अब तक हुए अनेक संशोधनों के बाद भारतीय संविधान में 440 से भी अधिक अनुच्छेद व 12 परिशिष्ट हो चुके हैं।

# बेशकीमती फूलदान

प्रेरक-प्रसंग



वे किसी की भी बात सुनने को राजी नहीं थे। इसलिए स्थिति को भांपते हुए तेनालीराम ने चुप रहना ही ठीक समझा।

फांसी का दिन तय किया गया। सेवक रमैया का रो-रोकर बुरा हाल था। ऐसे में जब तेनालीराम रमैया से मिलने के लिए गए तो रमैया उनसे अपने प्राणों को बचाने की गुहार लगाने लगा। तेनालीराम ने रमैया के कानों में धीरे से कुछ कहा, जिसे सुनकर उसके चेहरे के भाव कुछ शांत हुए और उसने अपने आंसू पोंछे।आखिरकार फांसी का दिन भी आ ही गया। रमैया निश्चिंत, शांत खड़ा था। फांसी देने से पहले रमैया से उसकी आखिरी इच्छा पूछी गई। रमैया ने झट से जवाब में कहा कि वह मरने से पहले बचे हुए तीनों फूलदानों को एक अंतिम बार देखना व छूना चाहता है। सभी को उसकी यह इच्छा सुनकर बहुत हैरानी हुई।आदेशानुसार तीनों फूलदानों को मंगवाया गया। रमैया ने पहले सभी फूलदानों को निहारा, उन्हें धीरे से उठाया और एक-एक करके सभी फूलदानों को जमीन पर पटक दिया जिससे वे टूट कर बिखर गए। राजा यह देखकर गुस्से से लाल हो गए और उन्होंने रमैया से पूछा, ह्लमूर्ख! तेरी इतनी हिम्मत। बोल तूने ऐसा दुस्साहस क्यों किया?ह्वरमैया ने थोड़ा मुस्कुराकर जवाब दिया, ह्लमेरे भूल के कारण आपका एक बेशकीमती फूलदान टूट गया, जिसकी वजह से मुझे मृत्युदंड मिल रहा है। अगर भविष्य में किसी सेवक द्वारा ये तीनों फूलदान गलती से टूट जाते हैं तो मैं नही चाहता कि उन्हें भी मेरी तरह मृत्युदंड मिले और ये दिन देखना पड़े। इसलिए मैनें स्वयं ही बाकी बचे हुए फलदानों को तोड़ दिया।ह्वयह सुनकर राजा का गुस्सा शांत हुआ। उन्हें समझ में आ गया कि किसी व्यक्ति की जिंदगी एक निर्जीव फूलदान से बढ़कर नहीं हो सकती है। .. . ... ..जारी।

कविता

# रामलला गाओ तुम भी राष्ट्रगान



राजलक्ष्मी सहाय
साहित्यकार

जन-गण-मन अपना राष्ट्रगान
शीघ्र सीख लो रामलला
फहरेगा तिरंगा भारत में सब ओर
अयोध्या में तो जरूर
तीन दिनों का समय कम, रट लो जल्दी जल्दी
फहराना तुम भी झंडा, गाना होगा राष्ट्रगान
तुम गाओ तो सब गाएंगे, वर्ष पांच के बच्चे भी
सोचो मेरे राम लला कितना



सुंदर गाएंगे नौनिहालों की खातिर
शीघ्र सीख लो धुन इसकी
इस धुन पर नाचे मन मयूर
सारे रंगों का सौन्दर्य छिटके भारत माता पर
हे राम लला तुम सच्चे दयालु कृपालु मन तेरा
बच्चे बच्चे भी सीखें कसम तिरंगे की लेकर
मानवता से लिपट रहे तेरे जैसे बनें वीर
साहस का पहले चोला
याद तुम्हें क्या रामलला
जिस माटी धूल में वर्षों तुम रहे टाट के नीचे
उसी माटी में बसे लाल अनोखे भारत के
भगत, सुभाष, तिलक, शिवाजी
उस धूल का तिलक शोभ रहे तेरे भाल पर
तुम विवश कर सको तो करना
नौनिहाल इस माटी के भगत सरीखे बलिदानी हो
तुम आदर्श बने करो मार्ग प्रशस्त
चल जाएगा तेरा जादू लगता अब तुम बोल पड़ोगे
कितने अक्षर बन्द रखे हो धीरे से मुख खोलो तो
खेलो भारत के बच्चों संग कथा सुनाओ नाट्य रचाओ
केवट शवरी निशाद अभिनय दीन दुखी को गले लगाना
बातों बातों में सिखला दो
पर पहले रट लोग राष्ट्रगान जो तुम गाओगे जन गण मन
झूमेगा उत्तंग हिमालय गाएगी गंगा अलबेली
वन कतार में होंगे खूब करेंगे कदम ताल
थिरक उठेंगी दूब हरी पुष्प मदमस्त खुश
तीनों सागर मिल जुल राष्ट्रप्रेम का तूफान अनंत
सरहस से सागर तक होगा विस्तार प्रेम
गाओ गाओ रामलला
जन गण मन तुम भी गाओ
मानस खोलेगा हृदय पटल ध्रुव प्रह्लाद भरत सरीखे
बालक फिर हर कोने में रोशन कर देंगे अपनी धरती
बलिदानी वीरों का रक्त फूल बनकर फिर खिलेगा



बालक बालिकाएं वीर वीरांगनाएं
होंगे पहचान भारत की झट
झट सीखों रामलला, मधुर कंठ से गाना
यह गान आजादी का, तेरी धरती की आजादी ।।

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



ब्रिटिश अपनी ओर से सिंगापुर और मलय के लिए धीरे-धीरे स्व-शासन को बढ़ावा देने के लिए तैयार थे। 1 अप्रैल 1946 को जलडमरू की बस्तियों को भंग कर दिया गया और सिंगापुर एक अलग क्राउन कॉलोनी बन गया जहां एक गवर्नर के नेतृत्व में नागरिक प्रशासन कायम हो गया। जुलाई 1947 में अलग कार्यकारी और विधान परिषदों की स्थापना की गयी और अगले वर्ष विधान परिषद के छह सदस्यों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गयी।

पहला विधान परिषद (1948-1951) मार्च 1948 में आयोजित सिंगापुर का पहला चुनाव सीमित था क्योंकि इसमें विधान परिषद के पच्चीस सीटों में से केवल छः सीटों को निर्वाचित किया जाना था। केवल ब्रिटिश लोगों को वोट करने का अधिकार था और योग्य लोगों में से केवल 23,000 या लगभग 10% ही वोट देने के लिए पंजीकृत थे। परिषद के अन्य सदस्यों को या तो राज्यपाल द्वारा या व्यापार मंडल द्वारा चुना गया था।

# Google Pixel 8, Pixel 8 Pro नए मिंट कलर ऑप्शन में लॉन्च

साइबर दुनिया



**नई दिल्ली:** Google ने बाजार में Google Pixel 8, Pixel 8 Pro को नए कलर वेरिएंट में पेश कर दिया है। ब्रांड ने पिछले कुछ दिनों से मिन्ट फ्रेश नाम के साथ आगामी पेशकश को टीज किया था। अक्टूबर में लॉन्च के वक्त Pixel 8 को Obsidian, Haze' और Rose कलर में उतारा गया था, जबकि Pixel 8 Pro बाजार में Obsidian, Bay और Porcelain कलर्स में आया था। अब एक नया Mint कलर भी जुड़ गया है। यह हम आपको Google Pixel 8 और Pixel 8 Pro के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Google Pixel 8, Pixel 8 Pro की कीमत और उपलब्धता**

Google Pixel 8, Pixel 8 Pro का मिंट कलर वेरिएंट Google स्टोर पर एक्सकुलेसिव तौर पर लिस्टेड है। यह स्मार्टफोन समान कीमत पर सिर्फ 128GB मॉडल में उपलब्ध है। मिंट Pixel 8, Google इंडिया ऑनलाइन स्टोर पर लिस्टेड है, लेकिन Google भारत में सिर्फ ई-कॉमर्स साइट Flipkart के जरिए Pixel फोन बेचता है, इसलिए भारत में फ्लिपकार्ट पर नया कलर ऑप्शन लिस्ट हो गया है।

**Google Pixel 8, Pixel 8 Pro के स्पेसिफिकेशन्स और फीचर्स**

Google Pixel 8 में 6.2 इंच की FHD+ OLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1080X2400 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 90Hz है, जबकि Pixel 8 Pro में 6.7 इंच की QHD+ LTPO OLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1344X2992 पिक्सल, रिफ्रेश रेट 120Hz और पीक ब्राइटनेस 2400 nits तक है। Pixel 8, Pixel 8 Pro स्मार्टफोन Google के नॉन-कोर Tensor G3 चिपसेट और Titan M2 सिक्योरिटी चिप से लैस हैं। कैमरा सेटअप के लिए Pixel 8 Pro में 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 48 मेगापिक्सल का दूसरा अल्ट्रावाइड कैमरा और तीसरा 48 मेगापिक्सल क्वाड-PD 5x जूम कैमरा दिया गया है।

टॉप ट्वीट



"हिमाचल प्रदेश के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि यह सुंदर राज्य विकास और समृद्धि की ऊंचाइयां छुए और निरंतर बढ़ता रहे।"

जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति

"वो पूछेगा तुमसे...एक खेल खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना। जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, शैतान का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा किया गया है।विकास बहल निर्देशित फिल्म शैतान 08 मार्च को रिलीज होगी।"

अजय देवगन
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## आवश्यक है आवेगों पर नियन्त्रण

व्यवस्थित एवं शील जीवन का निर्माण संतुलित मस्तिष्क से ही संभव है। संतुलित मस्तिष्क आवेगों पर नियन्त्रण कर के प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति स्वभावत: अपराधी नहीं होता किन्तु आवेग उसे अपराध में झोंक देते हैं।

आवेग एक मानसिक आंधी है, वह मानव के मस्तिष्क को असंतुलित ही नहीं कर देती कई बार तो उसे विचार शून्य तक बना देती है। आवेग की आंधी में मस्तिष्क का अस्तित्व ही विलुप्त सा हो जाता है अनेक दुष्कर्म व्यक्ति के द्वारा उसी अवस्था में होते हैं। मस्तिष्क व्यक्ति के जीवन और चरित्र' को संतुलित करता है। वही जब असंतुलित हो जाता है तो उस समय क्या कर बैठे कुछ भी नहीं कहा जा सकता । अपने आवेगों को नियन्त्रित करना सबसे बड़ी साधना है, सबसे बड़ा तप है। आवेगों का जन्म बाह्य परिस्थितियों से जुड़ कर होता है। अत: बहुत उचित होगा कि हम अपने बाह्य वातावरण को इतना सुलझा हुआ रखे कि आवेग पैदा होने जैसा कुछ हो ही नहीं किन्तु इतना सब कुछ कर लेने पर भी इतना तो होगा ही कि सारे व्यक्ति जो अपने से जुड़े है वे अपनी तरह ही सोचेंगे, यह अवश्यक नहीं । अत: परिस्थितियों में प्रतिकूलता तो बनी ही रहने वाली है। परिस्थिति की प्रतिकूलताओं को सहर्ष स्वीकार कर अपने आवेगों को दबाए रखना और मस्तिष्क के संतुलन को सुरक्षित रखना सच्चा और अच्छा जीवन जीने की कला है ।कुछ पल के लिये आवेग की शरणागत व्यक्ति अनर्थ कर देता है ।उसको पता नही रहता है कि मैंने यह क्या कर दिया ।लेकिन इतना तो जरूर है ।मारने वाले व्यक्ति की दिशा बुरी होती है ।जेल में पुरी जिंदगी बर्बाद कर देता है ।अब पछताय क्या होत है चिड़िया चुग गई खेत ।पड़ौसी देश ने कारगिल आदि प्रदेशों में महा युद्ध के लिये उकसाने में कोई कमी नहीं रखी ।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

**शहर >> अपडेट**

### न्यायिक दंडाधिकारी ने ली शपथ

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राकेश कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री निर्मल कुमार भारती ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ली।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### जिले में पहला बायोडीजल पंप का उद्घाटन



**हजारीबाग :** जिले में पहला बायोफ्यूल पेट्रोल पंप मेसर्स जय नरसिंह पेट्रोलियम हजारीबाग बड़कागांव रोड स्थित खपरियावां में खुल गया। फिलहाल यहां हिंदुस्तान बायोफिल कॉरपोरेशन का डीजल बिकेगा। आगे पेट्रोल भी बेचा जाएगा। यह फ्यूल स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित है। यह आम डीजल से दो रुपए सस्ता है। गुरुवार को इस बायोफ्यूल पंप का उद्घाटन प्रोपराइटर वीरेंद्र कुमार सिंह के पिता भागवत सिंह एवं माता ने नृसिंह स्थान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया। मौके पर कंपनी के अधिकारी, रवि सिंह और शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। प्रोपराइटर ने बताया कि यह 10 प्रतिशत ऑक्सीजनयुक्त ऑर्गेनिक ग्रीन फ्यूल है। जो बीसी 6 टु मानक के अनुरूप है। बायोडीजल के उपयोग गाड़ी की इंजन की लाइव दुगनी हो जाती है। बायोडीजल और डीजल पर दो रुपए लीटर कम भाव पर मिलता है। बायोडीजल का पांच से 12 प्रतिशत तक जीएसटी इनपुट लिया जा सकता है। बायोडीजल एवं अन्य डीजल के गुण धर्म स्पेशिफिकेशन लगभग एक समान है। उन्होंने बताया कि इसका उपयोग डीजल से चलने वाली गाड़ियों में इंजन में बदलाव के लिए बिना किया जा सकता है।डीजल के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है या दूसरे कंपनियों के डीजल के साथ इस आर्गेनिक ग्रीन फ्यूल मिलाकर वाहन चलाई जा सकती है। यह आम डीजल की तुलना में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से स्वदेशी और सुरक्षित ईंधन है। उन्होंने बताया कि फिलहाल डीजल बेचने की अनुमति मिली है।

**आयोजन**

### नमो नवमतदाता सम्मेलन का हजारीबाग में आयोजन

# युवा मतदाता देश के भाग्यविधाता: मनीष

**राष्ट्रीय खबर**



**हजरीबाग:** हजारीबाग भारतीय जनता पार्टी(भाजपा)की की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा(भाजयुमो) हजारीबाग की ओर से भाजयुमो केंद्रीय इकाई द्वारा आयोजित देशव्यापी कार्यक्रम नमो नवमतदाता सम्मेलन का हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में भी दो प्रमुख जगहों पर आयोजन हुआ। जिसमें इंटर साइंस कॉलेज, जबरा और ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज परिसर में भाजयुमो, हजारीबाग की ओर से बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नवमताताओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनाया गया। जिसमें पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र करने का दारोमदार था ठीक उसी तारा 2047 तक यानी आने वाले 25 सालों में युवाओं पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है और इन्हीं बदलावों के बीच मतदाता वर्ग को एक और जिम्मेदारी साथ-साथ निभाई है। यह जिम्मेदारी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी की है। उक्त नमो नवमतदाता सम्मेलन में दोनों जगहों पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और हजारों नव मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें यह बोध कराया की लोकतंत्र में आपकी भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। आप युवा मतदाता देश के भाग्यविधाता हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि मतदान से पूर्व आप सभी को राजनीतिक दल और उम्मीदवार को परखने की जरूरत है और राष्ट्र एवं समाज के लिए बेहतर आकलन करते हुए मतदान करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा की आप अपना मतों का प्रयोग धर्म, जाति और क्षणिक सुख से ऊपर उठकर जरूर करें। ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज परिसर में भाजयुमो, हजारीबाग के कार्यक्रम में विधायक मनीष जायसवाल के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजयुमो जिला मंत्री सह हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम संयोजक आशीष गुप्ता, भाजयुमो उपाध्यक्ष विक्रमादित्य और भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिबू मेहता उपस्थित रहें। यहां कॉलेज के संचालक विनय मेहता ने विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इंटर साइंस कॉलेज के कार्यक्रम में विधायक मनीष जायसवाल के अलावे हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजयुमो प्रभारी भूपेंद्र सिंह, भाजयुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष बिकास सिन्हा, भाजयुमो जिला मंत्री सह हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम संयोजक आशीष गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए और नव मतदाताओं का हौसला बढ़ाया। यहां इंटर साइंस कॉलेज के प्राचार्य बसंत झा ने सभी अंगतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर और अंग-वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया। इस कार्यक्रम से हजारीबाग के नव मतादातों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ और वे बेहद उत्साहित दिखे ।

# भारत को सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र बनाने का संकल्प ले : डॉ0 विकास

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग:** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉक्टर सुकल्याण मोइत्रा ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने बताया कि मतदान करना जहां एक तरफ हमारा अधिकार है वही यह मेरा दायित्व भी है। लेकिन हमें जागरूक मतदाता के रूप में सोच समझकर मतदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लेकिन हमें सच्ची खुशी तब मिलेगी जब भारत को हम दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेंगे। अपने संबोधन में वरीय प्राध्यापक प्रो बीपी सिंह ने कहा कि मतदान करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। मतदान के द्वारा ही हम भारत में स्वशासन से सुशासन तक का सफर तय कर सकते हैं। डॉ मार्गरेट लकड़ा ने कहा कि हम पहले तरह-तरह के प्रभावों मे आकर गलत लोगों के पक्ष में मतदान करते हैं।

बाद में हम ऐसे लोगों को झेलते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ अजय बहादुर सिंह ने सबको चुनाव आयोग द्वारा जारी शपथ का पाठ कराया। कार्यक्रम में अच्छी संख्या में विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाताओं को दिलाई शपथ



**राष्ट्रीय खबर**

**पीरटांड़:** अंतर्राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चिरकी में मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीडीओ मनोज कुमार मराण्डी की उपस्थित में सभी छात्रों और शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि जागरूक मतदाता अपने मत का प्रयोग करके मजबूत लोकतंत्र का गठन करता है। मतदान करना हम सभी का मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि युवाओं और भावी मतदाताओं का सशक्तिकरण अहम है। इसमें कोई मतदाता अपने मत के प्रयोग से अछूता नहीं रहना चाहिए। हमें मतदान करके अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाना चाहिए। हमें मतदान करते समय जाति,धर्म,लोभ,भाषा वर्ग से प्रभावित हुए बगैर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। जिसके बाद मौके पर उपस्थित बच्चों के बीच कलम वितरण किया गया।

# मतदाता दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्थानीय विद्यालयों के बच्चों के द्वारा क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। यह दौड़ आज 25 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे शुरू हुआ। इस दौड़ को उपायुक्त नैंसी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ हजारीबाग झील परिसर के एम्फी थिएटर से शुरू होकर वापस एम्फी थिएटर पर सम्पन्न हुई। इस दौरान क्रॉस कंट्री रेस के आयोजन में भाग ले रहे बच्चे व लोग काफी उत्साहित नजर आए। सद्भावना दौड़ के विजेता झील परिसर के ओपन एम्फी थिएटर से आयोजित सद्भावना दौड़ में प्रतिभागी सम्मानित हुए। आयोजित क्रॉस कंटी के विजेताओं को उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव एवं जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष कुमार के द्वारा शील्ड/ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिनमें बालक सीनियर में प्रथम-राजसिंह अन्दा कॉलेज, द्वितीय-सुबोध कुमार संत कोलम्बा, तृतीय-बबलू कुमार जिला स्कूल, चतुर्थ डबलू कुमार मार्खम कॉलज, पंचम-बिपिन कुमार संत कोलम्बा महाविद्यालय एवं छठ स्थान ज्ञान ज्योति कॉलेज के अनिल यादव को मिला। वहीं बालिका सिनियर में प्रथम स्थान-सिमंती कुमारी बालिका उच्च विद्यालय, द्वितीय-दिपीका खलखो संत किरण विद्यालय, तृतीय-संजू कुमारी संत कोलम्बा महाविद्यालय, चतुर्थ-अनुप्रिया कुमारी केबी सहाय महिला महाविद्यालय, पंचम-उषा कुमारी एवं छठा स्थान संत कोलम्बा महाविद्यालय की सीमा कुमारी ने प्राप्त किया।

# विधायक व जीप अध्यक्ष ने किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग:** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने संयुक्त रूप से गुरुवार सदर प्रखंड क्षेत्र के सिलवार खूर्द स्थित भुइयां टोली में जिला परिषद के15 वें वित्त आयोग मद की राशि 5 लाख रुपए से नव निर्मित सामुदायिक भवन उद्घाटन फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर यहां विधायक मनीष जायसवाल ने स्थानीय लोगों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए और जनसमायाओं के जल्द समाधान का भरोसा जताया। यहां लोगों ने श्मशान घाट तक की सड़क निर्माण कराने, भुइयां टोली में निवास कर रहें लोगों के जर्जर मकानों का रिपेयर कराने और पेयजल की समस्या को प्रमुख रूप से रखा। जिन सभी समस्याओं पर विस्तार से निराकरण की दिशा में सकारात्मक भरोसा जताया।

मौके पर विशेषरूप से स्थानीय जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, सिलवार के पूर्व मुखिया महेंद्र राम, अमनारी मुखिया कृष्णा मेहता, एवीबीपी के संजय मेहता, धर्मनाथ प्रसाद, जगदीश प्रसाद, भागीरथ प्रसाद, प्रमोद सिंह, भुनेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश देव, राजकुमार राम, पिंटू प्रकाश, बालकिशुन प्रसाद, सोनू कुमार, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

**न्यूज फटाफट**

### कर्पूरी ठाकुर के 100वें जयंती पर किया गया माल्यार्पण



**इचाक :** इचाक हजारीबाग के नूरा में कपूरी चौक पहुंचकर बुधवार को राजद मेहता प्रदीप मेहता ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के100वें जयंती समारोह के सुअवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भारतीय नाई समाज द्वारा आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए हजारीबाग प्रदीप मेहता ने कहा की कपूरी ठाकुर समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के लोगों के लिए असली ठाकुर थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित रहा। ऐसे महान विभूति को किसी जाति धर्म के बंधेज में बांधना कतई उचित नहीं है। ऐसे महापुरुषों जाति-धर्म से उपर पूरे राष्ट्र के लिए आदर्श हैं और इन्हें उसी भाव से हम सभी को सम्मान देने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने कपूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य पहल है।

### युवा नेता गौतम ने किया रक्त दान



**इचाक :** इचाक प्रखंड के डाड़ीघाघर के पूर्व मुखिया राजेंद्र गंझु की समधिन राखी देवी ऑप्रेशन के लिए ब्लड की जरूरत पड़ गयी थी। ब्लड डोनर उपलबध नहीं होने पर युवा नेता गौतम कुमार को सूचित किया गया। सुचना मिलते ही अपने भाई सुमन को लेकर ब्लड बैंक हजारीबाग लेकर गए और ब्लड उपलब्ध करवाया गया। सुमन कुमार अभी तक 6 बार अपना रक्तदान किये। गौतम कुमार ने कहा की रक्तदान करने व करवाने मे मुझे बहुत खुशी मिलती है। समयाभाव के चलते ब्लड कैंप नहीं लगवा पा रहे। इससे पूर्व हर माह कैंप लगवाया करते थे। अब प्रयास रहेगा की क्षेत्र मे ब्लड की कमी से जूझ रहे लोगो को बढ़ चढ़कर मदद कर पाए. मौके पर रंजीत यादव, सिट्ठू सिंह राजपूत, राजेंद्र गंझु इत्यादि मौजूद थे।

### एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना में कोयला उत्पादन शुरू



**हजारीबाग :** हजारीबाग ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में,एनटीपीसी केरेडारी कोल माईनिंग प्रोजेक्ट ने आज अपने खदानों से कोयले का उत्पादन शुरू करते हुए एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान हांसिल किया। केरेडारी खदान से कोयला उत्खनन की अधिकतम मूल्यांकित क्षमता 6 मिलियन टन प्रति वर्ष होगी और 25 वर्षों के लिए कुल क्षमता 140 मिलियन टन कोयले का भंडार है। इस उद्घाटन समारोह में हजारीबाग के अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री विद्याभूषण कुमार, ने केरंडारी खदान से उत्खनन किए गए पहले ट्रक का ध्वजारोहण किया। समारोह में केरेडारी के अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं, सभी एनटीपीसी केरेडारी चट्टी बरियातु के अधिकारी, स्थानीय समुदाय के नेता, और एनटीपीसी प्रबंधन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। श्री फैज तैयाब, केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजना के प्रमुख, ने खनन के विकास के दौरान जिला प्रशासन और स्थानीय गाँववालों के सकारात्मक सहयोग के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की कोयले का उत्पादन शुरू होना सभी शामिल पक्षों और उनकी समर्पित भागीदारी और समर्पण की प्रमाणिता है, और केरेडारी परियोजना प्रमुख श्री शिव प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि जिला प्रशासन को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय गाँववालों के द्वारा निभाये गए सहयोग को इस कीर्तिमान की प्राप्ति में एक अविभाज्य कारक माना। अपने भाषण में श्री फैज तैयाब ने एनटीपीसी प्रबंधन को उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए स्वर्णिम क्रेडिट दिया। उन्होंने पूरे एनटीपीसी टीम की अथक कठिनाईयों में दिखाई गई उनकी समर्पणशीलता को हाइलाइट किया, जो केरेडारी कोयले खदान परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जितबाहन भगत पंचायत सचिव बड़की चांपि पंचायत,प्रखंड कुड़,

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
खल्लू खान, समाजसेवी, इंचापीरी

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दारा सिंह, समाज सेवी, बड़का मुरू, बुढ़मू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मंगलदेव उरांव, प्रधानाध्यापक,राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय, दारा टोंगरी

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभात तिवारी प्रधानाध्यापक आदिवासी बाल विकास विद्यालय, गिंजो ठाकुरगांव

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनामिका कुमारी, प्रधानाध्यापिका राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटेह

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शमीम बड़ेहार वरिष्ठ नेता झामुमो पार्टी

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर उरांव समाजसेवी गुरुगाई , ठाकुरगांव

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सहिंद्र महतो, प्रधानाध्यापक,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोर्री

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ज्योति शंकर साहू, उर्फ भगत जी एवं राष्ट्रीय नवयुवक सेवा समिति मक्का,अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जुल्फान खान,समाज सेवी, इंचापीरी, बुढ़मू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सिस्टर मेरी बागे, प्रधानाध्यापक, राजेश्वर उच्च विद्यालय सिदरोल

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर साहू मक्का, समाज सेवी

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आदिवासी बाल विकास विद्यालय परिवार गिंजो ठाकुरगांव

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी ठाकुरगांव

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जाकिर हुसैन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी डेलिगेट

## प्रदेश >> अपडेट

### बेस्ट एमपी आइकन अवार्ड से सम्मानित हुए सांसद

रांची: सांसद संजय सेठ को नई दिल्ली में बेस्ट एमपी आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले ने सांसद श्री सेठ को यह सम्मान दिया। दादा साहब फाल्के संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद को झारखंड के बेस्ट सांसद के रूप में सम्मानित किया गया। संजय सेठ को यह सम्मान देते हुए रामदास अठावले ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि संसद सत्रों में उनकी सक्रियता देखता हू। क्षेत्र के मुद्दों सहित राज्य और देश के मुद्दों पर भी मुखरता के साथ संजय सेठ अपनी बातों को रखते हैं।

अपराध

### साइबर अपराध की घटना परेशानी का बना सबब

# परिजनों को मामले में फंसाने का दिखा रहे भय

**साइबर अपराधियों का नया तरीका**

राष्ट्रीय खबर



**कूडू :** लगातार बढ़ रही साइबर अपराध की घटनाओ से आमजनों की परेशानी में डाल रखा है। उसके बावजूद साइबर अपराधी आये दिन तरह-तरह की तरकीबों से ठगी की घटना को अंजाम देने में जुटे हैं। साइबर ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिससे लोगों के माथे पर चिंता की लकीर खींचना लाजिम है। रेप केस में फंसाने का डर दिखाकर माता पिता और अन्य रिश्तेदारों से पैसे की ठगी कर रहे हैं। ताजा मामला कूडू का है जहां साइबर अपराधियों ने कूडू बाजार रोड निवासी संतोष प्रसाद को व्हाट्सअप नंम्बर +923343172154 से फोन कर ये बोल कर डराया कि मैं दिल्ली पुलिस से सब इंस्पेक्टर बोल रहा हूँ, तुम्हारा भांजा चार अन्य युवकों के साथ रेप केस में फंस गया है। अगर पैसा नहीं भेजा तो उसे जेल हो जाएगी।साइबर अपराधियों ने व्हाट्सअप के डीपी में लगा रखी है पुलिस अधिकारी की तस्वीर फोन करने वाले ने किसी को संदेह नही हो इसके लिए अपने व्हाट्सअप के डीपी में एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर लगाई हुई है। जिसमे संदीप शर्मा लिखा हुआ था। जल्दी पैसा डालो नही तो तुम्हारे भांजे को जेल भेज दूंगा।साइबर अपराधी ने मामा को फोन कर कहा कि आपका भांजा रेप केस में फंस गया है। और उसका भविष्य और जीवन बचाना है तो जांच अधिकारी को पैसा देना होगा। अभी हमलोग थाना नही ले गए हैं अगर पैसे नहीं मिले तो उसे जेल भेज देंगे।

इस दौरान संतोष साहू ने जब अपने भांजे से बात करने को कहा तो एक रोते हुए व्यक्ति से बात करे गयी जो बुरी तरह रोते हुए बचा लेने की गुहार लगाई। यह सुनकर संतोष साहू घबरा गए उन्होनें अपने बड़े भांजे धीरज से फोन कर दिल्ली में रह रहे उसके भाई का कुशल क्षेम पूछा तो उसने कॉन्फ्रेंस में बात कराई तो उसने बताया कि वह अपने डेरा में है और सुरक्षित है। जिसके बाद सतर्क हो गए और वह फ्रॉड का शिकार होते होते बच गये। हालांकि बाद में उस नँबर पर लगातार फोन करने पर भी ठग ने फोन नही उठाया। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए सतर्क रहना जरुरी है।

## न्यूज फटाफट

### चाइल्ड आईसीयू व एनबीसीयू का विधायक ने किया उद्घाटन




**पलामू:** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में लगातार चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। गुरुवार को हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में बच्चों के लिए आईसीयू व नवजात के लिए एनबीसीयू की सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा जिले के सदर अस्पताल के बाद अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में शुरू की गई है। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने पहले ही अनुमंडलीय अस्पताल में आधुनिक कई सेवाएं शुरू कराने का काम किया है। जिसमे सभी तरह की जांच,प्रसव की बेहतर व्यवस्था, ऑक्सीजन प्लांट, हड्डी, दंत आंख आदि का समुचित उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक की भी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि नवजात व बच्चों के गंभीर बीमार होने पर लोगों को रांची में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। अब उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के आईसीयू में बच्चों की गंभीर बीमारी दुर्घटना आदि की स्थिति में उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। वहीं नवजात स्थिरीकरण इकाई (एनबीएसयू) में तुरंत जन्मे बच्चे जिनका वजन कम होता है या समय पूर्व जन्म होता है, उन्हें बचाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सुविधाओं को बढ़ाने व योग्य चिकित्सकों को पदस्थापित कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी आशीष गंगवार ,अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार सिन्हा, बीपीएम विभूति गुप्ता , डॉ मुकेश कुमार,विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के अलावा कई चिकित्सक व एनसीपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राँची नगर निगम, राँची के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक

**राँची :**राँची के सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राँची नगर निगम के सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. आनन्द शेखर झा, जिला समाज कल्याण विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती स्मिता भारती, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा, जिला स्त्री एवं प्रसूति समिति की नामित प्रतिनिधि डॉ. किरण कुमारी, पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं नगर प्रबंधक संतोष कुमार पांडेय, प्रणव कुमार झा, स्विचऑन फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक गुप्ता, जे.एस.आई.के राज्य समन्वयक केशव कुमार झा उपस्थित मौजूद रहे ।इस मौके पर सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी ने कन्वर्जेंस कमेटी के महत्व को समझाया ताकि शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें, जिसमें पेयजल, स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं ।जिले के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को बेहतर ढंग से करने के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण और समन्वय की आवश्यकता होती है, ताकि हम शहरी क्षेत्रों की झुग्गियों में रहने वाले गरीबों के उत्थान के बारे में सोच सकें और इस बैठक के आयोजन के लिए पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि को धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम के दौरान पी.एस.आई. इंडिया के राज्य कार्यालय से आये सुनील कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य किस स्थिति के बारे में अवगत कराया एवं कोर वर्किंग समिति गठित करने और समुदाय स्तर पर विभिन्न विभाग के वालंटियर को प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी का ओरिएंटेशन दिए जाने पर बल दिया।

# मतदाता दिवस लोकतंत्र में प्रत्येक वोट के महत्व दिलाता है याद :दीपक गुप्ता



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**आज समाजसेवी दीपक गुप्ता के नेतृत्व में युवाओं के बीच राष्टीय मतदाता दिवस मनाने में देश के साथ शामिल हुआ ।इस वर्ष राष्टीय मतदाता दिवस उत्सव के लिए चुनी गई थीम वोटिंग जैसा कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से वोट करता हूं (वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम) है, जो एक व्यक्ति द्वारा डाले गए प्रत्येक वोट की अद्वितीय शक्ति और प्रभाव पर जोर देती है ।समाजसेवी दीपक गुप्ता ने उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के महत्व के बारे में

# 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** संत जेवियर्स महाविद्यालय,रांची के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जनवरी, 2024 को प्रातः 8 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. नाबोर लकड़ा के द्वारा इस प्रभात फेरी को गुब्बारे को उन्मुक्त गगन में उड़ा कर प्रारंभ किया गया, जो महाविद्यालय प्रांगण से डंगरा टोली चौक होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर वापस लौटा। इस प्रभात फेरी का लक्ष्य भारतीय लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागृत करना था।

**कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट मेरा वोट, कौन बदलेगा देश को मेरा वोट मेरा वोट**

जैसे नारों से छात्रों ने क्लब के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक रहने तथा चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष भागीदारी निभाने की अपील की। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि लोकतंत्र में निर्वाचन की अहम भूमिका है, यह लोकतंत्र की रीढ़ है। अपने मताधिकार का प्रयोग सोंच समझकर, निर्भिक होकर, किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, योग्य को चुनने हेतु करना है। तभी लोकतंत्र सुदृढ़ एवं समृद्ध रहेगा। प्रभात फेरी के पश्चात महाविद्यालय प्रांगण में मतदात प्रतिज्ञा की कराई गयी। इस कार्यक्रम में इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के अध्यक्ष प्रो. बी. के. सिन्हा और नोडल ऑफिसर डॉ. आशुतोष पाण्डेय समेत महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ फादर रार्बट प्रदीप कुजुर , महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. फादर अजय मिंज, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार फादर डॉ. प्रभात केनेडी सोरेंग, राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार शर्मा, प्रो. सौम्या मा. सिन्हा, डॉ. श्रेया पांडेय, प्रो. उत्कर्ष उन्नयन भी सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एवं राजनीति विज्ञान विभाग के लगभग 300 छात्रों ने सक्रियता से अपनी भागीदारी निभाई।

# स्वामी दिव्यानंद महाराज ने अयोध्या में माधव कंदली स्मारक अभिनंदन पत्रिका 'अयोध्या' का किया विमोचन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय धमार्चार्य स्वामी दिव्यानंद महाराज के द्वारा गुवाहाटी की अग्रणी शैक्षणिक ट्रस्ट संस्था लुइत- विश्व हिंदू महासंघ की असम शाखा के सहयोग से ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एवं प्रसारित स्मृति अभिनंदन पत्रिका 'अयोध्या' (हिंदी संस्करण) का उद्घाटन जिस्ट कम्युनिकेशन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका का विमोचन किया गया, पत्रिका का संपादन राजीव हरि कौशिक, एक नृवंशविज्ञानी, वृत्तचित्र निदेशक और पत्रिका के प्रधान संपादक द्वारा किया गया था। उद्घाटन समारोह का संचालन विश्व हिंदू महासंघ के असम क्षेत्रीय सचिव डेनियल शास्त्री ने किया। मधुमिता दास सहित असम का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के सदस्यों ने सहयोग किया है।

700 साल पुरानी असमिया सप्तकंद रामायण चौदहवीं शताब्दी में अचूक कवि माधव कंडाली द्वारा लिखी गई थी। इस कार्यक्रम में विहिप असम प्रदेश प्रभारी भागवी लीमा मोहंता, डॉ. मुकुट कलिता, मनोहर गोगोई, प्रोफेसर ज्योति हजारिका, नीलाक्षी चक्रवर्ती और मैना शर्मा उपस्थित थे। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राजीव हरि कौशिक द्वारा किया जा रहा है और सलाहकार समिति के सलाहकार, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजक और गुवाहाटी के इंजीनियर कैलास शर्मा ने कहा कि उत्पादन कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है आज सुबह शर्त लगाने के लिए , प्रभु वह श्री राम के चरणों में पुष्प अर्पित करते हैं।

### आर्यभट्ट सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**रांची:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन उपस्थित रहे। उन्होंने ह्यराष्ट्रीय मतदाता दिवसह्न कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदाता के लिए मताधिकार सशक्त हथियार है। लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय एवं प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोकतंत्र सुदृढ़ होगा। सुदृढ एवं सशक्त लोकतंत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने स्थापना काल से ही सतत प्रत्यनशील है एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष का थीम रखा गया है- ह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्न। उन्होंने कहा कि इस थीम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें एवं मतदान के लिए लोगों को प्रेरित भी करें।

# पूर्व विधायक योगेंद्र महतो बने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष

राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** गोमिया के पूर्व विधायक? योगेंद्र महतो को झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर कसमार, पेटरवार, गोमिया प्रखंड समेत जिले भर के कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है। बता दें कि इससे पूर्व श्री महतो झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य थे। पिछले मंत्री मंडल कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अध्यक्ष बनाये जाने पर मुरहबंदा स्थित आवास पंहुचे और गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों का आरक्षण तय करना सबसे प्रमुख एजेंडा में से एक होगा। ओबीसी आरक्षण समस्या को लेकर राज्य में निकाय चुनाव समेत अन्य कार्य बाधित है जिसे सभी से राय परामर्श से दूर करना है। बधाई देने पंहुचने वाले में कसमार प्रखंड प्रमुख सह वरिष्ठ झामुमो नेत्री नियोति कुमारी, सिकंदर कपरदार, कसमार प्रखंड बींस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, सोहेल अंसारी, मो शेरे आलम, पेटरवार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो, प्रकाश महतो, संजू देवी आदि शामिल हैं।



गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लोहरदगा पुलिस समस्त लोहरदगा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

'भटके हुए लोग मुख्यधारा से जुड़कर विकास में भागीदारी निभाएं'

'हिंसा का दामन छोड़कर मुख्यधारा में लौटे नक्सली'

'संगीनों के साये में कब तक जिंदगी जियेंगे हम

हमें भी पढ़ने लिखने और आम जिंदगी जिने का हक है'



अपील

लोहरदगा पुलिस अपने सभी भाईयों, बहनों एवं साथियों का गणतंत्र दिवस पर अभिनन्दन करती है। अपील करती है कि आप खनिज संपदा से परिपूर्ण लोहरदगा की माटी पर नक्सलियों द्वारा किए जा रहे खूनी तांडव का विरोध करें। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, अपने बच्चों को शिक्षित करें एवं भयमुक्त समाज के निर्माण में मदद करें। पुलिसकर्मी बिना कोई छुट्टी लिए लगातार आम जनता की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण के लिए पर्व, त्योहारों एवं विपरीत परिस्थितियों में भी कर्तव्य स्थल पर तैनात रहते हैं। राज्य सरकार की नई आत्मसमर्पण नीति का फायदा उठाकर नक्सली हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल हो और एक बेहतर जिंदगी जिए। लोहरदगा पुलिस आपके हर सुख दुख का साथी है।

हारिस बिन जमाँ

पुलिस अधीक्षक
लोहरदगा।

**शहर >> अपडेट**

## क्रिकेट टूनार्मेंट का किया जाएगा अयोजन

**पेटरवार :** पेटरवार क्रिकेट समिति के तत्वावधान में प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आगामी 27 जनवरी से स्व जगरनाथ महतो स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट का अयोजन किया गया है। 27 जनवरी को टूनार्मेंट का उद्घाटन मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी की ओर से किया जाएगा। उक्त जानकारी टूनार्मेंट समिति ने दी।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

## तीन माइका गोदाम में कई गयी छापेमारी

**कोडरमा:** जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने अवैध रूप से संचालित माइका गोदामों में छापामारी की। टीम ने डोमचांच थाना क्षेत्र के जयनगर रोड के लाठियोबर काराखुट, नेरपुर व जानपुर में छापामारी करते हुए तीन माइका गोदाम को सील कर दिया। इन गोदामों में भारी मात्रा में माइका, माइका फ्लैक्स, माइका डस्ट आदि बरामद किया गया है.। अवैध रूप से माइका गोदाम संचालित करने वालों के विरुद्ध खनन विभाग मामला दर्ज कर रहा है। छापामारी टीम का नेतृत्व एसडीओ रिया सिंह कर रही थी.। नेरपुर में जिस माइका गोदाम में छापामारी की गयी, वहां करीब आठ टन माइका स्टॉक मिला। यह गोदाम राजेश मेहता द्वारा संचालित किया जा रहा था। जानपुर में संचालित माइका गोदाम में 278 टन माइका स्टॉक मिला। यह गोदाम रमेश यादव का बताया गया। जबकि काराखुट में संचालित माइका गोदाम में 160 टन माइका, माइका फ्लैक्स, डस्ट आदि बरामद किया गया। यह गोदाम अशोक मोदी द्वारा संचालित किया जा रहा था।

## ठंड का कहर से 4 सौ मुर्गियां मरी

**मरकच्चो:** प्रखंड के अन्य भागों में हाड़ कंपा देने वाली ठंड लगातार जारी है। कड़ाके की ठंड और कोहरा आम लोगो के लिए ही नही पशु पक्षियों के लिए भी मुसीबत बन चुकी है। सड़को पर मरे हुए कुत्तों को देखने को मिल रहा है। लगता है कि हाड़ कंपा देने वाली सर्दी बर्दाश्त नही कर पाने के कारण पशु पक्षियों की मौत हो रही है। प्रखंड के मेहतरिया अहरी में मो. सद्दाम के पोल्ट्री फार्म में बुधवार की रात्रि 400 मुर्गियों की मौत हो गई। पोल्ट्री फार्म के संचालक मो.सद्दाम ने बताया कि मुर्गियों के मरने से लगभग 55 हजार की नुकसान हुआ है। जानकारी हो कि दो चार दिनों में तापमान में काफी गिरावट आई है।

**शपथ** — निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की दिलाई शपथ

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** समाहरणाल परिसर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर की अध्यक्षता में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी को मतदाता शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 25 जनवरी, 1950 को हुआ था। साथ ही लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखने में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आगे उन्होंने जानकारी दी कि मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 दिनांक 27.10.2023 से 12.01.2024 तक निर्धारित किया गया। विधानसभा क्षेत्र में कुल 94630 प्रपत्र प्राप्त हुए, जिसमें से कुल प्रपत्र-6- 31284, प्रपत्र-7- 18336, एवं प्रपत्र-8-45010 प्राप्त हुए, जो विगत पुनरीक्षण से लगभग 50 प्रतिशत अधिक प्रपत्र प्राप्त हुए। साथ ही दिनांक 22.01.2024 को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में कुल मतदाता 1095850, जिसमे से पुरूष 569956 एवं महिला 525883 है।राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुग एवं उप विकास आयुक्त डॉ ताराचंद द्वारा निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देवघर जिला अंतर्गत देवघर विधानसभा से 05 बीएलओ, 03 बीएलओ सुपरवाईजर, सारठ विधानसभा क्षेत्र से 05 बीएलओ, 02 बीएलओ सुपरवाईजर, तथा 13 मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से 05 बीएलओ, एवं 02 बीएलओ सुपरवाईजर, को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने जो की।इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुग, उप विकास आयुक्त डॉ ताराचंद, अपर समाहर्ता, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिलासमाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, प्रशाखा पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू का दामन



रष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के पेटरवार स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार को पेटरवार और कसमार प्रखंड के कई कार्यकताओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। विभिन्न पार्टियों को छोड़कर आजसू में शामिल होने वाले लोगों को विधायक लंबोदर महतो ने आजसू का पट्टा पहनाकर आजसू पार्टी में शामिल किए। ईश्वर रजक के नेतृत्व में जिन लोगों ने आजसू का दामन थामा उनमें बसंत कुमार तिवारी, फटिक चंद्र झा, आलोक झा, ओरदाना के प्रेमजीत सिंह, शैलेश झा, गुड्डू मिश्रा, बिनोद नायक ,सुफल रविदास, बलराम बैठा, राहुल स्वर्णकार, चन्द्र शेखर नायक, आशीष स्वर्णकार, विकाश प्रजापति, मनोज नायक , गणेश रजक, विष्णु ठाकुर, बिनोद रजक, गौतम झा, सुखेन झा, जब्बार अंसारी, शिबू रजक, पंकज रजक शामिल रहे।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी, जिला परिषद अमरदीप महाराज सहित अन्य मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस संपन्न




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में महाविद्यालय के स्वेंसेवको द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें ग्रामीणों को निकट भविष्य में होने वाले लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान करने हेतू प्रेरित किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी को बढ़ चढ़कर शत प्रतिशत मतदान करने हेतू प्रतिभाग करना है साथ ही राष्ट्र विकास के लिए विशेष जागरूकता लाने की आवश्यकता है।प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने ग्रामीणों सहित सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद में मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है हमें शत प्रतिशत मतदान करने हेतू सभी को सदैव प्रेरित करना चाहिए।राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने मतदान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया साथ ही मतदाता कार्ड में अपना नाम दर्ज करवाने पर जोर दिया।उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 23-25 के प्रशिक्षु रिंकी कुमारी, रीता कुमारी, शिफा नूरी, अंजली कुमारी, अंगुरी खातून, नूतन कुमारी, प्रिया कुमारी, रेणु कुमारी, श्रेया कुमारी, पुष्पा कुमारी, आरती कुमारी, सीमा जोजो, सुनिल कुमार वर्मा, बैजनाथ महतो, नीतेश कुमार सेठ, निरंजन कुमार, पुजा कुमारी, मो. सम्मीउल्ला,राहुल कुमार, दिलीप साव, सदाकत अंसारी एवं अन्य।महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान, खुश्बू कुमारी सिन्हा, अनिल कुमार दास, मनीष सिन्हा, सीताराम यादव एवं शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक पाण्डेय,रोहित कुमार, निशा कुमारी, मुख़्तार आलम एवं नागेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# झारखंड धाम हाल्ट का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** धनबाद मंडल में झारखंड धाम हाल्ट का उद्घाटन एवं गाड़ी संख्या 03605 का झारखंड धाम हाल्ट पर ठहराव का शुभारम्भ किया गया। शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक केदार हाजरा ने झारखंड धाम हाल्ट का उद्घाटन एवं झारखंड धाम हाल्ट पर गाड़ी संख्या 03605 महेशमुंडा- कोडरमा पैसेंजर स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर इसके ठहराव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस ट्रेन के साथ-साथ ट्रेन संख्या 03606 कोडरमा महेशमुंडा पैसेंजर स्पेशल एवं ट्रेन संख्या 03369, 03370 मधुपुर कोडरमा मधुपुर पैसेंजर स्पेशल का भी ठहराव दिया गया है।

# मतदाता दिवस पर ली शपथ



राष्ट्रीय खबर

**सतगावां:** प्रखण्ड संसाधन केन्द्र 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी कर्मी ने शपथ ली। मतदाता प्रतिज्ञा हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाएं रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रतिज्ञा लेने में बी ई ई ओ शेख शकील अहमद, प्रखण्ड शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय, एमडीएम प्रभारी छोटन प्रसाद, अविनाश कुमार, कन्हैया कुमार, शहजाद कुमार, उमेश कुमार यादव, सुजीत कुमार, जवाहर प्रसाद अकेला उपस्थित थे।

**समापन** — सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दो दिवसीय पुस्तक मेला का समापन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



राष्ट्रीय ख़बर

**कोडरमा:** झुमरीतिलैया ब्लॉक मैदान में दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन किया गया, जिसका समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कोडरमा पुस्तक मेला के दूसरे दिन सुबह से ही लोगों के आना जाना लगा रहा। स्कूली बच्चों के साथ साथ युवा वर्ग से लेकर बड़े बुजुर्ग का कोडरमा पुस्तक मेला में शामिल हुए और राज्य व जिले के विभिन्न प्रकाशकों द्वारा स्टॉल में लगायें गये किताबें का लाभ उठाया। स्टॉल में लगायें गये किताबें व साहित्य उपन्यास, कविता, लेख की किताबें का लाभ भी इस पुस्तक मेला में जिलेवासियों ने उठाया। समापन कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि पुस्तक मेला एक पहल है और दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। इस पुस्तक मेला में बहुत सारे कार्यक्रम किया गया। पुस्तक मेला जैसे छोटे छोटे इवेंट से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाता है। कोडरमा पुस्तक मेला में कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, एएसपी प्रवीण पुष्कर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, खोरठा लेखक डॉ बीएन ओहदर, रेलवे से शालिनी सिन्हा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में रौशन कुमार सिंह शामिल हुए। पुस्तक मेला के दूसरे दिन भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। जिसमें वाद-विवाद, पाजल, इमेज देखकर कहानी लेखन और मनोरंजन विषय पर आमजनों के बीच क्विज इवेंट कराया गया। कोडरमा पुस्तक मेला में आयोजित सभा प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया। कोडरमा पुस्तक मेला में ऑथर मीट एंड ग्रीट, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्रिएटिव राइटिंग, क्विज इवेंट, पैनल डिस्कशन, कवि सम्मेलन, वाद-विवाद, पाजल, इमेज देखकर कहानी लेखन और मनोरंजन विषय पर आमजनों के बीच क्विज इवेंट कराया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा, अंचल अधिकारी कोडरमा, प्रशिक्षु उप समाहर्ता, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत वॉलिंटियर व काफी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

**न्यूज फटाफट**

## नि:शुल्क जांच एवं दवा वितरण किया



**जयनगर :** प्रखंड के ककरचोली पंचायत अन्तर्गत ग्राम तरवन में आयुष मिशन झारखंड के तहत जयनगर प्रखंड के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जयनगर के डॉक्टर संदीप कुमार के द्वारा आयुष ग्राम तरवन के आंगनबाड़ी केंद्र में आयुष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया, टीवी, एनसीडी का जांच कर नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराएं। डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि हरेक माह जयनगर प्रखंड के तीन आयुष ग्राम में आयुष हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि 30 जनवरी को आयुष ग्राम इरगोबाद, 31 जनवरी को आयुष ग्राम सतडीहा में आयुष हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। वहीं योग प्रशिक्षक कृति सुमन, दामोदर साव के द्वारा योग कराया गया। मुख्य रूप से डॉ. सुरेश कुमार राणा, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. मिथुन कुमार, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. प्रीतिका कुमारी, सहिया प्रिया कुमारी, सीमा देवी, मंजु देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्राचार्य राजकुमार यादव ने किया परेड का निरीक्षण



**जयनगर :** प्रखंड के बेको पंचायत अंतर्गत ग्राम आल्हो में डीएवी + 2 हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पूर्वभास किया गया। परेड का निरीक्षण प्राचार्य राज कुमार यादव ने किया। वहीं प्राचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि 75वां गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विशेष परेड के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड पूर्वभास कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के उप प्राचार्य राजेश यादव, शिक्षक अजीत कुमार राणा, विकास कुमार यादव, अमित कुमार यादव, वरुण कुमार मोदी, उपेंद्र कुमार यादव, आफताब आलम, सुदीप कुमार यादव, सुरेश सिंह, मुकेश कुमार यादव, ममता कुमारी, विनीता कुमारी, श्वेता कुमारी सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

## सैनिक कैंटीन का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



**चंदवारा :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत बड़की धमराय ग्रिजली स्कूल तिलैया डैम के बगल में सैनिक कैंटीन का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। कैंटीन के संचालक उपेंद्र कुमार यादव, ईश्वर गोप ने बताया कि जिस प्रकार से भारतीय सैनिकों को कम दाम में अच्छी चीज मिलता है, अब आम नागरिक भी इस कैंटीन से कोई भी सामान कम दाम में ले सकते है। मौके पर जिला परिषद सदस्य महादेव राम, मुखिया श्यामदेव यादव, पूर्व मुखिया किशोर प्रसाद, सुनीता गिरी, बासुदेव प्रसाद उर्फ फौजी भैया, सुरेन्द्र मोदी, भैरो प्रसाद, महेंद्र यादव, रामेश्वर यादव, होरिल गोप, कैलाश यादव, मनीष कुमार, विनय कुमार, धीरज कुमार, सतेन्द्र यादव, छोटू यादव, महेश यादव,भोला राम, शत्रुघ्न राम, मनोज यादव, राजेन्द्र रजक, सुरेन्द्र प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद, बसंत कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## बुद्धिजीवियों का मार्गदर्शन से युवाओं का बदलेगा जोश



**कुडू :** झारखंड की तस्वीर सुदेश कुमार महतो /अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच ( आजसू पार्टी की अनुषांगिक इकाई )की विधानसभा स्तरीय बैठक सह वनभोज कार्यक्रम आज सिल्ली के सतीघाट ,सोनाहातू मे संपन्न हुआ जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ,पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत ,बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस श्री डोमन सिंह मुंडा, बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव मुकुंद मेहता सहित अन्य केंद्रीय नेता गण एवं झारखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से आए बुद्धिजीवियों ने भाग लिया, बैठक को संबोधित करते हुए श्री सुदेश कुमार महतो जी ने कहा कि अब आजसू पार्टी बुद्धिजीवियो का मार्गदर्शन लेकर ,युवाओं में जोश भरते हुए झारखंड की तस्वीर बदलेगी और हम सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर चलते हैं, सभी वर्गो का को सामने लाने का हम लोग प्रयास कर रहे हैं . इस मौके पर लोहरदगा जिला से बुद्धिजीवियो एवं सरकारी सेवा से सेवानिवृत अभिभावकों का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें श्री दिलीप साहू ,श्री संजीव शर्मा ,श्री रामलाल राम,श्री जतरू मुंडा, श्री महेश लोहरा, श्री तारकेश्वर महतो, सहित अन्य सदस्य बैठक में शामिल हुए।

# गणतंत्र दिवस पर राजधानी में एक हजार अतिरिक्त पुलिस जवानों और 50 मजिस्ट्रेट की रहेगी तैनाती

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची में गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस सर्तक है. गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी रांची में एक हजार अतिरिक्त पुलिस बल और एक 50 मजिस्ट्रेट की तैनाती होगी. शहर के अलग अलग चौक चौराहों पर अतिरिक्त ट्रेफिक पुलिस बल को तैनात की जाएगी. इसको लेकर शहर के हर चौक चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाएगी. गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस शहर के होटल और लॉज में छापेमारी कर रही है और संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी देने की बात रांची पुलिस ने कही है.शहर में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है. इसके अलावे शहर के कई रास्तों की यातायात को डाइवर्ट किया गया है. इस दौरान बड़े वाहन परिवर्तित मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे. छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर जा सकेंगे. समारोह स्थल के आसपास 14 ड्रॉप गेट बनाए गए हैं. प्रभारी ट्रफिक एसपी राजकुमार मेहता ने इसे लेकर आदेश जारी किया है.रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा है कि गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस सर्तक है और सभी बिंदुओं पर नजर बनाए हुए है। पुलिस रात में चेकिंग अभियान भी चला रही है और लोगों से पुछताछ कर रही है।











